

# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 164 | ग्वालियर रविवार, 02 अप्रैल 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## न्यूज ट्रैक

### अप्रैल से जून तक पड़ने वाली है भीषण गर्मी



**नई दिल्ली।** देश के ज्यादातर हिस्सों में अप्रैल से जून के बीच भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है. भारत मौसम विज्ञान विभाग ने शनिवार (1 अप्रैल) को कहा कि उत्तरपश्चिमी भारत के कुछ हिस्सों और प्रायद्वीपीय क्षेत्र को छोड़कर देश के ज्यादातर हिस्सों में अप्रैल से जून तक अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है. विभाग ने कहा कि इस दौरान मध्य, पूर्वी और उत्तरपश्चिमी भारत के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक गर्मी रहने का अनुमान है. मौसम विभाग ने अप्रैल के महीने में बारिश को लेकर भी भविष्यवाणी की है. विभाग का कहना है कि अप्रैल में सामान्य बारिश होने की संभावना है. उत्तरपश्चिमी, मध्य और प्रायद्वीपीय क्षेत्र के अधिकांश हिस्सों में सामान्य या सामान्य से अधिक बारिश की संभावना है जबकि पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में सामान्य से कम बारिश की संभावना है. भीषण गर्मी की संभावना को लेकर आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने कहा कि बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात, पंजाब और हरियाणा के कुछ हिस्सों में ज्यादा गर्मी पड़ने की आशंका है. आईएमडी ने कहा कि 2023 में गर्मी के मौसम (अप्रैल से जून) के दौरान दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत और उत्तरपश्चिमी भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश के ज्यादातर हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है. उन्होंने बताया कि दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत और उत्तरपश्चिमी भारत के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य या उससे कम रह सकता है. मौसम विभाग ने कहा कि पूर्वोत्तर और उत्तरपश्चिमी भारत और प्रायद्वीपीय क्षेत्र के दूरदराज हिस्सों को छोड़कर देश के ज्यादातर हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य या उससे अधिक रहने की संभावना है.

### दो लड़कियों के बीच बैठा एक लड़का, तीनों चलती बाइक पर करने लगे खतरनाक स्टंट



**नई दिल्ली।** भारत की आर्थिक राजधानी मानी जाने वाली मुंबई की सड़कों पर स्टंट करना तीन लोगों को भारी पड़ गया. तेज रफ्तार बाइक पर खतरनाक स्टंट करते एक युवक और दो युवतियों का वीडियो वायरल होने के बाद, इस तीनों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है. इतना ही नहीं मुंबई पुलिस तीनों की तलाशी में जुटी हुई है. मुंबई पुलिस ने एक नोटिस निकालकर पब्लिक से भी इन तीनों की पहचान बताने के लिए कहा है. इस वायरल वीडियो में, बाइक चला रहे एक युवक के आगे और पीछे दोनों तरफ लड़कियां बैठी हैं और ये तीनों बाइक को एक पहिए पर दौड़ाकर खतरनाक स्टंट दिखा रहे हैं. बाइक सवार ये युवक आगे के पहिये को हवा में उठाकर कई मीटर तक लड़कियों के साथ सवारी करता हुआ नजर आ रहा है. यहां तक कि आगे बैठे लड़की और लड़का, पीछे बैठी लड़की पर लगभग गिर लुढ़क जाते हैं. ये वीडियो देखने पर किसी को भी डरावना लग सकता है, लेकिन बाइक पर बैठे इन तीनों को ये स्टंट करना रोमांचित लग रहा होता है. पोथोल वॉरियर्स फाउंडेशन (पोथोल वॉरियर्स फाउंडेशन) ने इस बाइक स्टंट के वीडियो को अपने ट्विटर अकाउंट पर पोस्ट किया. कैप्शन में उन्होंने मुंबई ट्रैफिक पुलिस को टैग करते हुए बाइक नंबर के आधार पर उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग भी की है. वीडियो वायरल होने के बाद मुंबई पुलिस ने इन तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और तीनों की तलाश में जुटी हुई है.

### दिल्ली एयरपोर्ट पर फुल इमरजेंसी डिक्लेयर

**नई दिल्ली।** दिल्ली एयरपोर्ट पर शनिवार को पूर्ण आपातकाल घोषित किया गया. दुबई जाने वाली फेडएक्स एयरक्राफ्ट के टेक-ऑफ के तुरंत बाद पक्षी से टकराने की वजह से दिल्ली एयरपोर्ट पर फुल इमरजेंसी डिक्लेयर किया गया . एयरपोर्ट के अधिकारियों ने यह जानकारी दी. इसके तहत एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड आदि को बुला लिया गया. जानकारी के मुताबिक फेडएक्स एयरक्राफ्ट उड़ान भरने के बाद एक चिड़िया से टकरा गई. इसकी वजह से इमरजेंसी लैंडिंग हुई. ऐसे में एयरपोर्ट प्रशासन ने फुल इमरजेंसी की घोषणा कर दी, जिससे किसी भी हालात से निपटा जा सके. फुल इमरजेंसी डिक्लेयर सिर्फ शनिवार सुबह 10 बजे से 11 बजे के लिए था. अभी दिल्ली एयरपोर्ट पर स्थिति सामान्य है. शनिवार सुबह 10 बजे जब फेडएक्स के कार्गो प्लेन ने दुबई के लिए दिल्ली एयरपोर्ट से टेकऑफ किया तो कुछ ही देर बाद उसके आगे के हिस्से में दाहिने ओर एक बर्ड हिट हुआ, जिसके बाद 10:46 मिनट पर उसकी दिल्ली एयरपोर्ट पर ही सुरक्षित लैंडिंग हो गई. गौरतलब है कि इससे पहले भी कई बार पक्षी के टकराने या किसी अन्य वजहों से विमान की इमरजेंसी लैंडिंग होती रही है. इसी साल 4 जनवरी को दिल्ली से पेरिस जा रहे एयर इंडिया के एक विमान में हवा में खराबी का पता चलने के बाद उसकी दिल्ली एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई.

## मप्र को पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारतीय रेलवे देश के छोटे शिल्पकारों और कारीगरों के काम को देश के हर कोने तक पहुंचाने का माध्यम बन रही है. अब वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के तहत कई जगहों पर 600 आउटलेट बनाए जा चुके हैं, जहां से करीब 1 लाक लोग खरीदी कर चुके हैं. आज देश में अनेकों रेलवे स्टेशनों का आधुनिकरण किया जा रहा है. आज देश के 6 हजार स्टेशनों पर वाई-फाई लगाए जा चुके हैं. वहीं, 900 से ज्यादा स्टेशनों पर सीसीटीवी लग चुका है. वंदे भारत एक्सप्रेस तो पूरे देश में हमारी युवी पीढ़ी में सुपरहिट हो चुकी है. साल भर इन ट्रेनों की सीटें फुल जा रही हैं. देश के हर कोने से इस ट्रेन को चलाने की मांग की जा रही है. पीएम मोदी ने कहा कि पहले सांसद कहते थे फलानी ट्रेन इस स्टेशन पर रोकने की व्यवस्था हो, लेकिन आज मुझे गर्व है जब सांसद मांग करते हैं कि हमारे यहां भी वंदे भारत जल्द से जल्द चालू हो. रेलवे यात्रियों की सुविधा बढ़ाए जाने का अभियान तेजी से चल रहा है. पीएम ने बताया कि देश के बजट में रिकॉर्ड धन राशि रेलवे के लिए आवंटित की गई है. पहले संसद में रेलवे के विकास की बात होते ही घाटे की बात होने लगती थी, लेकिन अगर



विकास की इच्छाशक्ति हो और नीयत साफ हो तो नए रास्ते निकल आते हैं. पीएम मोदी ने कहा कि हर साल रेलवे के बजट को हमेशा बढ़ाया गया है. अब एमपी में 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक का रेलवे बजट है,जबकि 2014 से पहले केवल 600 करोड़ रुपये रेलवे बजट था. पीएम ने कहा कि आज रेलवे में कैसे आधुनिकरण हो रहा है इसका एक उदाहरण इलेक्ट्रिफिकेशन का काम भी है. देश के किसी न किसी हिस्से में रेल नेटवर्क का शत प्रतिशत बिजलीकरण हो चुका है, इन 11 राज्यों में मध्य प्रदेश भी शामिल है. साल 2014 ले पहले 600 किमी का इलेक्ट्रिफिकेशन होता था, अब 6000 किलोमीटर का इलेक्ट्रिफिकेशन हो रहा है. अब मध्य प्रदेश पुरानी चीजों को पीछे छोड़कर विकास की नई गाथा लिख रहा है.

### बीजेपी नेता टी. राजा सिंह के खिलाफ हैदराबाद में केस दर्ज

नई दिल्ली। बीजेपी के निलंबित विधायक टी. राजा सिंह पर पुलिस ने केस दर्ज किया है. उन पर राम नवमी रैली के दौरान विवादित टिप्पणी करने का आरोप लगा है. अफजलगंज पुलिस ने आईपीसी की धारा 153-ए (धर्म, जाति, जन्म स्थान, निवास स्थान, भाषा आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देना) और 506 (आपराधिक धमकी की सजा) के तहत टी राजा सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया है. इंडिया टुडे के मुताबिक, पुलिस ने उनके खिलाफ मामला एसआई जे वीरा बाबू की शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया है. वीरा बाबू के मुताबिक वो एसए बाजार में कानून और व्यवस्था की निगरानी के लिए तैनात थे. इसी दौरान बीजेपी नेता टी राजा सिंह ने राम नवमी के दौरान एक रैली को संबोधित किया. उन्होंने कहा, जब रैली शंकर शेर होटल के पास थी, उस समय कांस्टेबल कीर्ति कुमार ने वीडियो बनाई थी जिसमें राजा सिंह नफरती भाषण दे रहे हैं. इस मामले में एसएचओ एम रविंदर रेड्डी को जांच अधिकारी बनाया गया है.

## कर्नाटक में अनुसूचित जाति कोटे में बदलाव से बवाल

**नई दिल्ली।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद राज्य में राजनीतिक दलों के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है. कर्नाटक सरकार के हालिया फैसले को लेकर लंबानी समुदाय अनुसूचित जाति के लिए आंतरिक आरक्षण के विरोध में सड़क पर उतर आया है. इस समुदाय ने बसवराज बोम्मई के नेतृत्व वाली सरकार से इस निर्णय को चुनाव से पहले वापस लेने की मांग की है. इस पर कर्नाटक के सीएम ने कहा कि स्थानीय कांग्रेस नेता लोगों को उकसा रहे हैं. कांग्रेस हर समुदाय के साथ किए गए सामाजिक न्याय को पचा नहीं पा रही है और उसने हिंसा भड़काने का सहारा लिया है. प्रदर्शनकारियों ने कई बीजेपी नेताओं के साथ पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के शिवमोगा के शिकारीपुरा स्थित कार्यालय और घर पर हमला किया था. इसके बाद येदियुरप्पा ने इस मुद्दे को हल करने का आश्वासन दिया. हालांकि लंबानी समुदाय ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जातीं तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा.



## कर्नाटक में बीजेपी और जेडीएस के विधायकों ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** कर्नाटक में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले नेताओं का दल बदल का दौर चल रहा है. ताजा घटनाक्रम में जेडीएस के विधायक एटी रामास्वामी और बीजेपी के एनवाई गोपालकृष्ण ने अपनी-अपनी पार्टियों से इस्तीफा दे दिया है. इनमें से रामास्वामी बीजेपी में शामिल हो गए हैं. एटी रामास्वामी हसन जिले की अर्कलगुड सीट से विधायक थे. वहीं, एनवाई गोपालकृष्ण विजयनगर जिले की कुडलिगी सीट से विधायक थे. रामास्वामी जेडीएस से विधायक पद का इस्तीफा देने वाले दूसरे विधायक हैं. इससे पहले एसआर श्रीनिवास ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था और वो कांग्रेस में शामिल हो गए थे. इसके अलावा जेडीएस के एक और विधायक केएम शिवलिंग गौड़ा के भी इस्तीफे चर्चा है और वो भी कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं. इन सबके बीच रामास्वामी ने कहा है कि उन्होंने अर्कगुड के विधायक रूप में इस्तीफा दे दिया है. उन्होंने विधानसभा सदस्य के रूप में सेवा करने का मौका देने के लिए जेडीएस पार्टी का धन्यवाद किया और कहा कि उन्होंने कभी भी व्यक्तिगत लाभ के लिए राजनीति नहीं की और पूरी ईमानदारी के साथ अपने राज्य निर्वाचन क्षेत्र के लोगों की सेवा की है. रामास्वामी ने कहा, मैंने जेडीएस को नहीं छोड़ा बल्कि पार्टी ने ही मुझे बाहर निकाल दिया. मैं धनबल का शिकार हुआ हूं.



## संजय राउत को धमकी देने वाला युवक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के सांसद संजय राउत को धमकी देने के मामले में शनिवार (1 अप्रैल) को मुंबई पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने 23 वर्षीय राहुल तलेकर नामक युवक को पुणे से गिरफ्तार किया. आरोपी का किसी पॉलिटिकल पार्टी से कोई संबंध नहीं है. पुलिस ने कहा कि गिरफ्तार आरोपी का गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के गैंग से कोई संबंध नहीं है. राहुल ने शराब के नशे में संजय राउत को धमकी भरा मैसेज भेजा था. उसने पुलिस के सामने ये कबूल किया है. संजय राउत को भेजे गए मैसेज में उन्हें कथित तौर पर पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की तरह मार डालने की धमकी दी गई थी. मूसेवाला की पिछले साल मई में पंजाब के मानसा जिले में अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी. बाद में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह के सदस्य गोल्डी बराड़ ने मूसेवाला की हत्या की जिम्मेदारी ली थी.



## चेन्नई में रेलवे स्टेशन के नेमबोर्ड पर हिंदी के अक्षरों पर पोती कालिख

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु में हिंदी को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है. अब चेन्नई फोर्ट रेलवे स्टेशन के नेमबोर्ड पर हिंदी अक्षरों पर काला पेंट किया गया है. पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है. शुक्रवार (31 मार्च) को अधिकारियों को रेलवे स्टेशन का नेमबोर्ड खराब होने की सूचना मिली थी. बदमाशों ने अंग्रेजी और तमिल नामों को बरकरार रखते हुए चेन्नई फोर्ट स्टेशन के हिंदी अक्षरों को खराब करने के लिए काले रंग का इस्तेमाल किया. रेलवे पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और दो लोगों की तलाश कर रही है. यात्रियों के अनुसार दोनों आरोपी नशे में थे और कथित रूप से हिंदी अक्षरों पर काला पेंट कर रहे थे. सूत्रों ने कहा कि पुलिस को बदमाशों की पहचान करने में मुश्किल हो रही है क्योंकि स्टेशन के कई सीसीटीवी ठीक से काम नहीं कर रहे हैं. कुछ घंटों के



बाद, चेन्नई फोर्ट रेलवे स्टेशन के हिंदी अक्षरों को नेमबोर्ड पर फिर से लिखा गया. गौरतलब है कि हाल ही में भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) की ओर से दही के पैकेट पर हिंदी में दही लिखने के निर्देश के बाद विवाद बढ़ गया था. तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने इस फैसले का विरोध करते हुए केंद्र सरकार पर हिंदी थोपने का आरोप लगाया था. तमिलनाडु के सरकारी दुग्ध उत्पादन संघ आविन ने कहा था कि वह अपने पैकेट पर हिंदी शब्द दही के बजाय तमिल शब्द तायिर का ही इस्तेमाल करेगा. भारतीय जनता पार्टी की राज्य इकाई ने भी एफएसएसएआई की इस अधिसूचना को वापस लिए जाने की मांग की थी. बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने भी इस अधिसूचना को वापस लेने की मांग करते हुए कहा था कि ये कदम क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने की केंद्र की नीति के अनुरूप नहीं है. विरोध बढ़ने के बाद एफएसएसएआई ने ये निर्देश वापस ले लिया था और दही के पैकेट पर क्षेत्रीय शब्द के इस्तेमाल की अनुमति दी थी.

## पंजाब में राजनीतिक उथल-पुथल के बीच बीजेपी मजबूत

**नई दिल्ली।** 2024 के लोकसभा चुनावों में अपनी संभावनाओं पर बीजेपी के जोर-शोर से सीमावर्ती राज्य पंजाब में कांग्रेस अभी तक अपनी छाया से बाहर नहीं निकल पाई है. कांग्रेस को पहले सत्ताधारी आप को चुनौती देने और फिर बीजेपी ब्रिगेड का मुकाबला करने के लिए अपनी छाया से फिर से उभरना बाकी है, जो अपने आधार को मजबूत करने के लिए बड़े पैमाने पर जाट सिखों को छोड़ने वाले वर्गों पर निर्भर है. इसके अलावा, कभी राज्य का प्रमुख क्षेत्रीय संगठन शिरोमणि अकाली दल संरचनात्मक, संगठनात्मक और यहां तक कि वैचारिक नेतृत्व के मामले में भी सबसे खराब संकट का सामना कर रहा है, वहीं दिग्गज भी बड़े पैमाने पर पलायन कर रहे हैं.
2015 की बेअदबी की घटनाओं और बाद में केंद्र के कृषि कानूनों को शुरूआती समर्थन के बाद अपने मूल आधार को वापस पाने के लिए एसएडी अपने पंथिक एजेंडे पर वापस जा रहा है, खासकर ग्रामीण



इलाकों में. हाल ही में अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल गुरदासपुर में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के हत्यारों में से एक सतवंत सिंह के घर गए और मारे गए उग्रवादी नेता जरनैल सिंह भिंडरावाले के पोते की शादी में शामिल हुए. भगोड़े खालिस्तानी समर्थक अमृतपाल सिंह के खिलाफ चल रही कार्रवाई के बीच अमृतधारी युवाओं (बपतिस्मा प्राप्त सिखों) की गिरफ्तारी के साथ अघोषित आपातकाल, आतंक के शासन के लिए आप सरकार की आलोचना करते हुए सुखबीर सिंह बादल ने कहा कि पांच बार के मुख्यमंत्री और अकाली दल के संरक्षक प्रकाश बादल ने राज्य को आतंक-दमन के खूनी चक्र से बाहर निकालने के साथ-साथ शांति-प्रगति के युग की शुरूआत की. 1980 और 1990 के दशक की शुरूआत में खालिस्तान के लिए हिंसक अलगाववादी आंदोलन का हवाला देते हुए, जिसमें हजारों लोग मारे गए, उन्होंने कहा कि बाद की सरकारों ने पंजाब को असुरक्षा और दमन के जबड़े में वापस धकेल दिया है.

## ईरान पर 700 करोड़ का बकाया

**नई दिल्ली।** भारत के चावल निर्यातकों ने फैसला किया है कि ईरान को बासमती चावल तभी भेजा जाएगा जब वहां से लेटर ऑफ क्रेडिट (साख पत्र) या बकाया भुगतान मिल जाएगा. ईरान पर भारतीय चावल निर्यातकों के 700 करोड़ रुपये बकाया हैं. मुद्रा संकट से जूझ रहे ईरान को भारतीय निर्यातकों के इस फैसले से झटका लगा है. दरअसल, ईरानी रियाल की वैल्यू कम होने से खाड़ी देश में मुद्रा संकट खड़ा हुआ है, जिसकी वजह से महंगाई भी चरम पर है. ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, ऑल इंडिया राइस एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन ने ईरानी सरकार के ट्रेडिंग कॉरपोरेशन से कहा है कि ईरान हाल में भारत की ओर से किए गए चावल के निर्यात का भुगतान नहीं कर पाया है. जनवरी से मार्च के दौरान ईरान को चावल की खेप भेजी गई थी, जिसका पेमेंट बकाया है. इसलिए बकाया भुगतान करने या लेटर ऑफ क्रेडिट मिलने पर ही चावल की अगली खेप भेजी जाएगी. भारतीय निर्यातकों के फैसले पर ईरान सरकार की प्रतिक्रिया आना बाकी है.



## नेपाल में भारतीय सीमा तक फोरलेन हाईवे बनवा रहा चीन

**नई दिल्ली।** भारत को चारों तरफ से घेरने की कोशिशों में लगे चीन की एक और करतूत उजागर हुई है. चीन भारत के पड़ोसी देश नेपाल में फोरलेन सड़क बनवा रहा है. विकास के नाम पर शुरू किया गया यह इंफ्रास्ट्रक्चर-वर्क भारत के लिए चिंता का विषय है, क्योंकि यह सड़क बिहार के सीमावर्ती इलाकों तक होगी और इसका इस्तेमाल बाद में भारत के खिलाफ किया जा सकता है. भारत के नजदीकी तमाम इलाकों में चीन के इंफ्रास्ट्रक्चर-वर्क पर भारतीय एजेंसियों की नजर जमी हुई है. देश का सशस्त्र सीमा बल सीमाई क्षेत्रों में टेक्निकल मॉनीटरिंग को और बेहतर करने में जुट गया है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नेपाल की भारत से लगती खुली सीमा चीन की गतिविधियों का शिकार हो सकती है. वहां से घुसपैठ का खतरा हो सकता है. दरअसल, नेपाल की अकेले बिहार राज्य से ही 700 किलोमीटर से ज्यादा लंबी सीमा लगती है. इतनी लंबी सीमा की सुरक्षा बड़ा मुश्किल काम है, खासकर इसलिए क्योंकि ये सीमा कोसों दूर तक खुली पड़ी है. चीनी दखल के चलते ही नेपाल ने भारत पर अपनी जमीन



दबाने का आरोप लगाया था. करीब 5 महीने पहले भारत अपने इलाके (सीतामढ़ी) में सड़क बना रहा था, जिसके निर्माण पर नेपाली सुरक्षाबलों ने रोक लगवा दी थी. उसकी वजह नो मेंस लैंड विवाद बताया था. पता चला है कि भारत-नेपाल की खुली सीमा के संवेदनशील हिस्सों में जल्द ही बड़ी संख्या में सीसीटीवी कैमरे और लाइट्स लगाए जाएंगे. सशस्त्र सीमा बल की ओर से डेटा बेस सॉफ्टवेयर के माध्यम से भी सीमा को सुरक्षा-व्यवस्था को और मजबूत करने की योजना है. ड्रोन तैनात किए जाएंगे. चीनी दुष्प्रचार के खिलाफ रेडियो के माध्यम से भी मदद ली जा सकती है. नेशनल जियोग्राफिक मैप्स ने पिछले साल चीन के नेपाल में किए जा रहे निर्माण-कार्यों पर एक रिपोर्ट पब्लिश की थी. रिपोर्ट में नेपाल के मस्तंग इलाके का जिक्र किया गया था, जहां चीन सड़क बनवा रहा था. नेपाल के कई इलाके ऐसे हैं, जिनमें सड़क-निर्माण का कार्य अब तक चीनी कंपनियां कर चुकी हैं. चीन की हालिया करतूत भारत की चिंता ज्यादा बढ़ा रही है, क्योंकि चीन से नेपाल तक जाने वाली सड़क भारत-नेपाल के बीच की सड़कों तक सीधी जुड़ रही हैं. नेपाल में बढ़ते चीन के दखल का ही ये असर है कि नेपाली मीडिया और रेडियो भारत विरोधी मुहिम चलाते पाए गए हैं. बताया जाता है कि चीन ने मोटी रकम देकर नेपाली मीडिया और रेडियो के माध्यम से नेपाल में भारत विरोधी मुहिम को हवा दी है. एसएसबी के डीआईजी एसके सारंगी का कहना है कि नेपाल-भारत के बीच रोटी-बेटी के संबंधों को मजबूत करने के प्रयास कर रहे हैं. भारतीय सीमा में कुछ एफएम स्टेशन भी स?थापित किए जा रहे हैं, जिनसे नेपाल-भारत की दोस?ती बढ़ाने वाले कार्यक्रम प्रसारित हुआ करेंगे.

नगर परिषद अध्यक्ष नीतू नरेश ग्वाल की नई पहल लाड़ली बहना योजना का स्वयं के निवास पर लगाया कैम्प

# कर्मचारियों से लाड़ली बहनों की के,वाय,सी एवं आवेदन फार्म भरवाए





**पुष्पांजली टुडे संवाददाता जितेंद्र राय मुंगावली-** मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने महत्वाकांक्षी लाड़ली बहना योजना को लॉन्च कर दिया है. इस योजना के तहत 23 साल से लेकर 60 साल तक की उम्र की महिलाओं के बैंक खाते में हर महीने 1000 की राशि डाली जाएगी.लाड़ली बहना योजना के तहत मध्यप्रदेश की महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये मिलेंगे. सरकार का दावा है कि इस योजना से महिलाओं का सशक्तिकरण होगा. हालांकि, 2 करोड़ 60 लाख 23 हजार 733 महिला वोटर्स में केवल उन्हीं विवाहित महिलाओं को इस योजना का फायदा मिलेगा, जिनके परिवार की सालाना आमदनी ढाई लाख रुपये से कम है23 से 60 वर्ष तक आयु की महिला इस योजना का लाभ उठा सकती है। मध्य प्रदेश की गरीब और निम्न मध्यमवर्गीय परिवार की महिला लाडली बहना के पात्र होंगे। नगर परिषद अध्यक्ष नीतू नरेश ग्वाल द्वारा योजना के अन्तर्गत नई पहल की गई है जिसमे नगर परिषद अध्यक्ष नीतू नरेश ग्वाल ने शनिवार को स्वयं के निवास पर कैम्प लगाकर लाडली बहनों के के,वाय, सी कराई जा रही है एवं आवेदन भरवाए जा रहे हैं जिसमें नगर परिषद के कर्मचारियों को सख्त निर्देश भी दिए गए हैं जिससे कोई भी पात्र बहना योजना से वंचित न रह सकें। इस महत्वाकांक्षी योजना में वार्ड 8 पार्षद तरूण मनीष राय, पार्षद कैलाश विश्वकर्मा उपस्थित रहे।नगर परिषद अध्यक्ष नीतू नरेश ग्वाल ने समस्त पार्षदगण से जन प्रतिनिधियों से भी अपील की है कि सभी अपने अपने वार्डों में इस महत्वाकांक्षी योजना में अपना सहयोग दें जिससे हमारी बहनों को लाभ मिल सके।

# न्यू पेंशन स्कीम में सुधार नहीं, कर्मचारियों को पुरानी पेंशन दे सरकार: जनक सिंह रावत

केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा एन.पी.एस. मै सुधार के लिए गठित कमेटी से कर्मचारी नाराज

**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे शिवपुरी।** पुरानी पेंशन बहाली के लिए प्रदेश और देश में कर्मचारी संगठित होकर पुरानी पेंशन के लिए संगठित हो रहा है अखिल भारतीय पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के संयोजक जनक सिंह रावत ने प्रेस को दी विज्ञप्ति में बताया गया कि संगठन द्वारा केंद्रीय वित्त मंत्री को पत्र लिखा गया है जिसमें वित्त मंत्री से अपील की गई है कि आपने न्यू पेंशन स्कीम में सुधार हेतु एक कमेटी का गठन किया गया हैअब इसका कोई औचित्य नहीं है,सरकार कर्मचारी हित में पुरानी पेंशन व्यवस्था को जस की तस बहाल करें अब लगता है उस कमेटी की कोई आवश्यकता नहीं रही क्योंकि 2004 मैं न्यू पेंशन स्कीम लागू की गई थी अब 19 वर्ष बीत जाने के बाद एनपीएस



में संशोधन किए जाने का कोई औचित्य नहीं है। क्योंकि अब राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड, व हिमाचल प्रदेश राज्य अपने कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ दे रहे है तो अब एनपीएस में सुधार के बजाय केंद्र सरकार द्वारा पुरानी पेंशन स्कीम को लागू करें। देश व प्रदेश का पेंशनविहीन कर्मचारी केंद्र सरकार को आशा भरी निगाहों से देख रहा है कि सरकार लोकसभा चुनाव से पूर्व पुरानी पेंशन बहाल करेगी ऐसी कर्मचारियों एवं कर्मचारी संगठनों को भरोसा है । यदि सरकार पुरानी पेंशन बहाल नहीं करती है तो प्रदेश सहित देश में आने वाले समय में इस से भी बड़े बड़े आंदोलन कर्मचारियों द्वारा किए जाएंगे प्रदेश की राजधानी सहित अखिल भारतीय संयुक्त मोर्चा द्वारा दिल्ली में भी एक बड़ा पेंशन अधिकार सम्मेलन आयोजित किया जाएगा केंद्रीय कर्मचारियों के संगठन भी शामिल रहेंगे।

# धारा 307 की मांग को लेकर भीम आर्मी ने दिया पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन

7 दिन के भीतर गिरफ्तारी कर जेल नहीं भेज तो करेंगे उग्र आंदोलन

**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे** शिवपुरी। खबर जिले के पुलिस अधीक्षक कार्यालय से है जहाँ आज भीम आर्मी द्वारा धारा 307 को बढ़ाने के लिए ज्ञापन दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कल्ला जाटव पुत्र फतीजा जाटव निवासी ग्राम टोका हाल निवासी कोलारस जिला शिवपुरी व धनो बाई पर यादव समाज के कुछ लोगो ने कुल्हाडी, लाठियों से जानलेवा हमला किया गया है जो वर्तमान में जिला चिकित्सालय शिवपुरी में भर्ती होकर ईलाजरत है। जिसका प्रकरण पुलिस थाना सिरसौद मैं एफआईआर नं. 0049 दिनांक 24.03.2023 को कायम हुआ है, लेकिन उक्त अपराध में धारा 307 भादवि इजाफा नहीं हुई है, और न ही अरोपीगणों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। भीम आर्मी/ आजाद



समाज पार्टी शिवपुरी द्वारा मांग की गई ओर उन्होंने जल्द अपराध में शीघ्र से अति शीघ्र आरोपीगणों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए एवं एफआईआर में धारा 307 भादवि इजाफा नही हुआ तो 7 दिवस के अंदर अपराधियों पर धारा 307 भादवि इजाफा कर जेल नहीं भेजा गया तो भीम आर्मी / आजाद समाज पार्टी को बाध्य होकर धरना प्रदर्शन करेगें। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना अन्तर्गत राज्य स्तरीय कार्यक्रम 3 अप्रैल को

**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे** शिवपुरी। मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को भूमि स्वामी अधिकार पत्र के वितरण की कार्यवाही बैतूल जिले में राज्य स्तरीय कार्यक्रम किया जा रहा है। जिसके तहत 3 अप्रैल को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम के साथ-साथ जिला एवं ग्राम पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधि द्वारा पात्र हितग्राहियों की भूमि स्वामी अधिकार पत्रों का बंटन किया जाएगा। कलेक्टर रवींन्द्र कुमार चौधरी द्वारा जारी आदेश के तहत कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु कार्यभारित अधिकारी नियुक्त कर दायित्व सौंपे है। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए है कि सभी ग्राम पंचायतों/नगरीय निकायों में राज्य स्तरीय कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को देखने एवं सुनने की व्यवस्था भी जाये। जिसमें जनप्रतिनिधियों को कार्यक्रम में विधिवत आमंत्रित किया जाये। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु जिला स्तरीय कार्यक्रम में कार्यभारित अधिकारियों में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अपने कार्यक्षेत्र में ब्लाक स्तरीय कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था के प्रभारी रहेंगे। तहसीलदार व नायब तहसीलदार अपने कार्य क्षेत्र में हितग्राहियों को कार्यक्रम में पटवारियों के माध्यम से बुलवाएगें। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अपने कार्य क्षेत्र में चयनित स्थल पर टीवी स्क्रीन, बैठक, मंच की व्यवस्था करेंगे। संबंधित मुख्य नगर परिषद अधिकारी चयनित स्थल पर साफ-सफाई एवं पानी की व्यवस्था करेगे। पंचायत स्तरीय कार्यक्रम में संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पंचायतवार कार्यक्रम के प्रभारी रहेंगे। जबकि सहायक प्रभारी के रूप में सचिव पंचायत भवन पर टीवी स्क्रीन, बैठक की व्यवस्था करेंगे तथा पटवारी हितग्राहियों को कार्यक्रम स्थल पर लाने का कार्य करेंगे।

# सड़क सुरक्षा अभियान के तहत यातायात पुलिस द्वारा बच्चों के माध्यम से आमजन को किया जागरूक

**राकेश परिहार पिछोर शिवपुरी।** पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह के निर्देशन में आज यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान के तहत छिब्बर स्कूल शिवपुरी एनएसएस के कैडेट्स के माध्यम से आमजन को ट्रैफिक नियमों का पालन करने, हेलमेट पहनने, सीट बैल्ट लगाने की समझाइश दी, एनएसएस कैडेट्स द्वारा यातायात पुलिस के साथ ग्वालियर नाका चौराहे पर जाकर वहां सिग्नल का इंतजार कर रहे लोगों को ट्रैफिक नियमों के बारे में बताया, उनके महत्व को समझाया और पालन ना करने पर होने वाली दुर्घटना के बारे में बताकर आमजन को



जागरूक किया इसके साथ ही जो लोग हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाए हुए पाए गए उनको एनएसएस का बैच लगाकर सम्मानित भी किया गया। बाल शिक्षा निकेतन स्कूल का ग्राम करौंदी में एनएसएस कैंप आयोजित हो रहा है उक्त शिविर के बौद्धिक सत्र में सभी एनएसएस कैडेट्स को यातायात पुलिस द्वारा ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना छब्बर स्कूल श्री दिनेश पाल, विद्यालय से सी.एम. अवस्थी सूबेदार नीतू अवस्थी सूबेदार प्रियंका घोष उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना में लापरवाही पर जिले के 10 संविदा पर्यवेक्षकों को नोटिस जारी

**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे शिवपुरी-** कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी द्वारा मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के प्रचार प्रसार, पात्र महिलाओं की ईकेवाईसी, आवश्यक सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदाय नहीं किए जाने पर महिला एवं बाल विकास विभाग के 10 संविदा पर्यवेक्षको को नोटिस जारी किए हैं। और सेवा समाप्ति की चेतावनी दी है। जारी कारण बताओ नोटिस में महिला एवं बाल विकास परियोजना खनियाधाना के सेक्टर पिपरा की संविदा पर्यवेक्षक मुस्कान जैन, सेक्टर खनियाधाना क्रमांक 1 की संविदा पर्यवेक्षक शांति एक्का, परियोजना पोहरी के सेक्टर बैराड़ क्रमांक 2 की संविदा पर्यवेक्षक अनीता शर्मा, परियोजना नरवर के सेक्टर चकरामपुर की संविदा पर्यवेक्षक निशा सिकरवार, परियोजना करेरा के सेक्टर दिनारा क्रमांक 2 की संविदा पर्यवेक्षक भारती शर्मा, सेक्टर दिनारा क्रमांक 1 की संविदा पर्यवेक्षक ममता आर्य, परियोजना पिछोर के सेक्टर वीरा एवं खोड नीतू गुप्ता, परियोजना पिछोर के सेक्टर पडोरा की संविदा पर्यवेक्षक प्रमिलेश शर्मा, परियोजना कोलारस के सेक्टर दीघौद की संविदा पर्यवेक्षक विमलेश लक्षकार, परियोजना कोलारस के सेक्टर राई



सगुफ्ता खान को सूचना पत्र जारी किए हैं। साथ ही तीन दिवस में अपने शासकीय कर्तव्य स्थल पर उपस्थित होने की निर्देश दिए हैं।

# अमलीपदर रामनवमी पर निकली भव्य झांकी जय श्री राम से गुंज उठा गांव

**संवाददाता हेमचंद नागेश** अमलीपदर रामनवमी के अवसर पर पूरा देश राम भक्ति में लीन हैं इसी तारतम्य में धर्म नगरी अमलीपदर नगर में भी सनातनियों ने भव्य शोभायात्रा निकाली।नगर सहित पूरे अंचल से सैकड़ों लोग जमा



हुए। अमलीपदर श्री दुर्गा मंदिर में विराजमान आराध्य प्रभु श्री राम की पूजा अर्चना महाआरती के पश्चात विशाल भंडारा का आयोजन किया गया था बसस्टैंड होते हुए नगर के मुख्य मार्ग से शोभायात्रा निकाली.ग्राम के गली मोहल्लों में भ्रमण करते हुए यात्रा आगे बढ़ी डीजे की धुन में नवयुवक थिरक रहे थे।बच्चे, बुजुर्ग, नवयुवक, महिलायें, गाँव के गणमान्य नागरिक सभी रामभक्ति में लीन थे। पूरा नगर भगवामय हो चुका था।सैकडों रामभक्त भक्ति के रस में सराबोर थे,भगवा पताका फहराते हुए हुए जय श्री राम का नारे का उद्घोष किया का गया । समापन, छोटे छोटे बच्चे प्रभु श्री राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान बने हुए थे।इस भव्य शोभायात्रा में सैंकड़ों रामभक्त शामिल हुए। यही वह सनातनी शेर हैं जिन्होंने धर्म नगरी अमलीपदर में श्री राम नाम एवं भगवा रंग लहरा दिये। जिसमें श्री राम भक्त परिवार के सदस्य सौरभ सिन्हा (मोनू सिन्हा), तुषार मिश्रा, हिमांशु शर्मा, शेरा प्रधान, राहुल श्रीवास,उत्तम चक्रधारी, चेतन मेहर, निरमेश यादव आकाश मिश्रा, गणेश सिन्हा, कृष मरकाम, मुकेश मांझी, मनीराम मांझी, राहुल मांझी,अलेख नागेश, समस्त ग्राम वासी उपस्थित हुए।

# दिनारा पुलिस की कार्यवाही धारा 302, 34 ता.हि. के अंधे कत्ल के अज्ञात आरोपीगण 48 घंटे के अंदर किया पर्दाफास आरोपी गिरफ्तार

**राकेश परिहार पिछोर दिनारा।** दिनांक 30.03.2023 को फरियादी महेश लोधी पुत्र रामदास लोधी उम्र 30 साल नि0 ग्राम बम्हारी की रिपोर्ट किया कि कल दि0 29/03/023 को शाम को मेरे बहनोई नि. ग्राम बुढपुरा थाना बबीना उ.प्र. के आये थे हम सभी भाई उन से मिलजुल कर परिवार सहित पड़ोस में भजनो में गये हुये थे हमारी बहिन (मृतक की पत्नी) भी भजनो में हमारे साथ गई थी घर पर बहनोई अकेले थे । मेरी बहन ने भजनो में मुझे बताया कि मेरे बहनोई को कोई घर पर घेरे हुये है फिर हम सभी भाई बहिन साथ घर पर आये और देखा कि बहनोई घर के आंगन में टपरिया के आगे खून से लथपथ पडे थे उनके गले में गहरा घाव होकर चोट है दाहिनी आंख के पास व पीठ में चोटें है मुंह के दांत टूटे हुये खून मे लथपथ मृत अवस्था में जमीन पर पडे थे उनकी मोटर साईकिल पास में पडी थी किसी अज्ञात व्यक्ति ने मेरे बहनोई की चोटें पहुंचाकर हत्या कर दी है रिपोर्ट पर से थाना दिनारा पर अप. क्र. 71/23 धारा 302 ता.हि. का अज्ञात आरोपी के विरुद्ध कायम कर विवेचना में लिया गया दौराने विवेचना श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह भदौरिया एवं अति. पुलिस अधीक्षक महोदय श्री प्रवीण भूरिया जी के निर्देशन एवं श्रीमान एस डी ओ पी महोदय करैरा श्री संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में अंधे कत्ल की घटना को गम्भीरता से लेते हुये अज्ञात आरोपियों की पतारसी के निर्देश दिये जिस पर से आज दिनांक 01.04.2023 को अज्ञात आरोपीयों को ज्ञात कर पूछताछ की गई आरोपीगणों द्वारा घटना कबूल की एवं घटना में प्रयुक्त किया गया लोहे का धार दार गडसा बरामद किया एंव घटना में प्रयुक्त की गई मोटर साईकिल 93-1938 जप्त की एवं आरोपिगण निवासी बम्हारी थाना दिनारा आज दिनांक को 01.04.2023 को गिरफ्तार किया गया है घटना का 48 घंटे के अँदर खुलासा किया । उक्त सराहनीय कार्य में उप निरीक्षक रामराजा तिवारी थाना प्रभारी दिनारा, सउनि सोवरन सिंह सिसोदिया, सउनि विनोद गौतम, सउनि सतीश जयंत, सउनि योगेन्द्र सिंह राणा, सउनि हरवीर सिंह, प्र.आर.276 रवि मांझी, प्र.आर. 401 सेवाराम पाण्डेय ,प्र.आर. 928 दीपक उपाध्याय, प्र.आर. प्रहलाद यादव, आर. काले खान, आर. 68 विजय मीणा, आर. 130 अंकित सिंह, आर. 747 मनोज यादव, आर. 133 सोनू साहू, आर. 169 पुष्पेन्द्र सिंह, आर. 240 पीकेश कुमार, आर. 778 रामवीर सिंह, आर. 267 विकास दुबे आर. चालक 554 अमित यादव, आर.चालक 777 मनीष गोस्वामी, सैनिक 276 धर्मपाल, सैनिक 218 हरीराम की सराहनीय भूमिका रही ।

## नीलम प्रजापति ने जलेसर नगर पालिका अध्यक्ष पद हेतु श्री संदीप कुमार जैन जिला अध्यक्ष भाजपा एटा को दिया आवेदन

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर पुष्पांजलि टुडे**



प्रजापति समाज सेवा समिति जलेसर एटा की तरफ से दिनांक 31-03-2023 को समिति के कार्यालय पर एक बैठक बुलाई गई थी जिसमें सर्वसम्मति से श्रीमती नीलम प्रजापति को जलेसर नगर पालिका अध्यक्ष पद हेतु भाजपा प्रत्याशी के रूप मेंआवेदन कराने हेतु निर्णय लिया गया था एवं शहर के गणमान्य व्यक्ति जन सामान्य से विचार-विमर्श के बाद आज एटा भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पहुंचकर जिला अध्यक्ष श्री संदीप कुमार जैन जी को आवेदन सौंपा 7 नीलम प्रजापति एक सरल, स्वभाव व्यक्तित्व वाली महिला है शैक्षिक योग्यता -- एम,ए- हिंदी, संस्कृत, समाजशास्त्र,बी.एड -पी जी डी आर ए एम, डिप्लोमा इन फूड टेक्नोलॉजी ,व राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जलेसर एटा में विषय विशेषज्ञ के पद पर कार्यरत हैं समाज सेवा एवं नारी सशक्तिकरण कार्यों के लिए जिला अधिकारी एटा भी कर चुके हैं सम्मानित भाजपा कार्यालय एटा पर साथ में रहे श्री हुतेंद्र जादौन जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू महासंघ, महेंद्र कुमार प्रजापति मंडल अध्यक्ष राष्ट्रीय प्रजापति महासभा एटा जलेसर से पवन कुमार प्रजापति जिलाउपाध्यक्ष भाजपा, गौरव प्रजापति, वीरेंद्र प्रजापति सकरौली विजय कुमार प्रजापति एटा श्री वेद प्रकाश प्रजापति, विष्णु प्रजापति ,गौरव प्रजापति, मनोज कुमार प्रजापति , विजय कुमार विक्रम सिंह नीलम प्रजापति के साथ रहे एवं जिला अध्यक्ष जी से अनुरोध किया कि आजादी के बाद से आज तक प्रजापति समाज द्वारा आवेदन नहीं किया गया था पहली बार प्रजापति समाज द्वारा नीलम प्रजापति को अध्यक्ष पद हेतु भाजपा से नामित करने हेतु अनुरोध किया जा रहा है श्रीमती नीलम प्रजापति को पार्टी से चुनाव लड़ाने हेतु भाजपा अधिकृत प्रत्याशी हेतु अनुरोध किया जा रहा है इसके लिए प्रजापति समाज सदैव आभारी रहेगा

# श्री बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने किया नव निर्माणाधीन बस स्टैंड का भूमि पूजन



पुष्पांजली टुडे

**दमोह।** शहर से लगे सागर जबलपुर हाइवे बायपास पर पॉवरग्रिड के सामने साढ़े बारह एकड़ जमीन पर नया बस स्टैंड का निर्माण होने जा रहा है। जिसका भूमि पूजन बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी के द्वारा मंत्रोच्चारणो के मध्य शास्त्रोक्त रीतिरिवाज से किया गया। इस दौरान फतेहपुर से पधारे महंत श्री छोटे सरकार जी, हटा से पधारे महंत पंडित श्याम दास जी महंत, सुरखी गौशाला से पधारे पंडित श्री विपिन बिदारी दास महाराज व सीता नगर के महंत व जागेश्वर नाथ मंदिर से पधारे महाप्रबंधक मंदिर के पुजारी श्री पाठक जी की विशेष मौजूदगी रही। इस दौरान सभी संतो के साथ, बस स्टैंड का निर्माण कराने वाले आदित्य सुरेका रॉकी , अनुराग सोनी, शैलेश जैन, आर्किटेक्ट हर्ष पांडे, प्रशांत जड़िया एवं देवेश सिंह कि विशेष मौजूदगी रही। जिनके माध्यम से आचार्य पंडित कृष्ण गोपाल पौराणिक जी सहित अन्य संत महात्माओं ने भूमि पूजन संपन्न कराया।



खास बात यह रही की बस स्टैंड के भूमि पूजन में मुख्य यजमान के रूप में स्वयं पंडित धीरेंद्र कृष्ण जी शास्त्री विराजमान रहे, जिन्होंने विधि विधान से पूजन अर्चन किया। समारोह के दौरान मंच से पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी ने कहा कि दमोह हमारा ही नगर है जब तक प्राण रहेंगे हमारा रहेगा। शास्त्री जी ने आगे कहा कि बस स्टैंड के उद्घाटन पर वह पहली बार प्रवचन देने आए हैं। दरअसल जबलपुर में उनकी कथा चल रही थी इसी बीच उनके प्रिय शिष्य रॉकी सुरेका पहुंचे, जिन्होंने गुरु जी से बात की और कहा कि जब वह दमोह से होते हुए बागेश्वर धाम निकलेंगे तो बस स्टैंड के लिए भूमि पूजन के लिए कुछ देर रुकते हुए चले जाएं। इस दौरान उन्हें भगवान बागेश्वर जी की प्रेरणा हुई तो सुबह बागेश्वर धाम जाने से पहले सीधे दमोह आ गए। शास्त्री जी ने कहा कि आज इस बस स्टैंड के पावन दिवस पर हम यही कहेंगे कि इस समूचे क्षेत्र के दो ही स्थान प्रमुख हैं एक फतेहपुर धाम का अजबधाम और एक जागेश्वर नाथ धाम।अतः इस बस स्टैंड का नाम जागेश्वर धाम के नाम से रखा जाए, सभी नेता बैठे हुए हैं इतना तो कर ही लेंगे। इस बहाने जागेश्वर नाथ की महिमा समूचे बुंदेलखंड व मध्यप्रदेश में पहुंच जाएगी। आगे उन्होंने कहा कि जो भी बस स्टैंड बना रहे हैं बहुत अच्छी बात है। हम दमोह फिर आएंगे फिर भगवान की कथा सुनाएंगे अब तो जागेश्वर नाथ को कथा सुनाने का मन है। दमोह में तो बहुत हो गई अब जागेश्वर नाथ को कथा सुनाएंगे। इस बीच शास्त्री जी ने जनता की ओर इशारा करते हुए कहा कि वह जागेश्वरनाथ धाम में कथा सुनाएं इसके पहले जागेश्वर नाथ बस स्टैंड बनवा दो और बस स्टैंड का नाम जागेश्वर नाथ का रखें। कार्यक्रम के दौरान आर्किटेक्ट हर्ष पांडे ने बताया कि साढे 12 एकड़ जमीन पर निर्मित होने वाले बस स्टैंड में बस यात्रियों को हर तरह से आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। कार्यक्रम का सफल संचालन लक्ष्मीकांत तिवारी एवं महेंद्र दुबे ने किया। अंत में आदित्य सुरेका रॉकी भैया ने सभी का आभार माना।

## कांग्रेस प्रदेश सचिव शुभम सोनी विक्की ने राहुल गांधी को अपना घर रजिस्ट्री करने को तैयार हूं

### घुनवारा में कांग्रेस प्रदेश सचिव ने अपने घर पर रहने का दिया प्रस्ताव

पुष्पांजली टुडे

**दमोह।** अमेठी के पूर्व सांसद आदरणीय राहुल गांधी को लोकसभा सदस्यता समाप्त होने के बाद लोकसभा कमेटी ने उन्हें सरकारी बंगले खाली करने का आदेश दिया है। इसको लेकर कांग्रेस विरोध प्रदर्शन कर रही है। वही मैंहर तहसील के ग्राम घुनवारा के रहने वाले कांग्रेस प्रदेश सचिव शुभम सोनी विक्की ने राहुल गांधी जी को अपना घर देने की पेशकश की है। कांग्रेस नेता ने कहा कि राहुल गांधी जब से चाहे वहां आकर रह सकते है और अगर वो चाहे तो मै और मेरा परिवार रजिस्ट्री करने के लिए तैयार हूं। घुनवारा में रहने वाले शुभम सोनी विक्की ने सोशल मीडिया पर अपनी बात कहकर वायरल कर राहुल गांधी जी को अपना घर देने की पेशकश की है। कांग्रेस नेता ने कहा कि राहुल गांधी मैंहर तहसील के ग्राम घुनवारा के लोगो के दिल मे बसते है। मेरा घर राहुल गांधी के लिए है वो जब चाहे यहां आकर रह सकते है। अगर वो चाहे तो मै अपने घर की राजस्ट्री भी उनके नाम कर दूँगा।



**कांग्रेस कार्यकर्ता कर रहे है विरोध**-आपको बता दे कि मोदी सरनेम के मामले में कोर्ट ने राहुल गांधी को दो साल की सजा दी है, जिसके बाद वायनाड से सांसद राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त कर दी गई है। लोकसभा की सदस्यता समाप्त होने के बाद लोकसभा कमेटी ने उन्हें दिल्ली स्थित सरकारी बंगाल भी खाली करने का आदेश दे दिया है। राहुल गांधी की सदस्यता रद्द किए जाने और सरकारी बंगला खाली करने के आदेश के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में काफी नाराजगी है और कांग्रेस के कई बड़े नेता दिल्ली में विरोध-प्रदर्शन भी कर रहे है।

## थाना दमोह देहात पुलिस की बड़ी कार्यवाही

### अवैध शराब तस्करी पर 11 अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर 12 आरोपियों से बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त

पुष्पांजली टुडे

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक के द्वारा सभी थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र में बिक रही अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने एवं अधिक से अधिक आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक अमित मिश्रा थाना प्रभारी दमोह देहात के नेतृत्व में अलग अलग टीमें गठित कर मुखबिर कि सूचना पर थाना दमोह देहात क्षेत्र में बिक रही अवैध शराब के विरुद्ध रेड कार्यवाही करते हुए अवैध शराब का विक्रय एवं परिवहन करते हुए 11 प्रकरणों में 12 आरोपियों से कुल 635 पाव ( 114.3 लीटर) अवैध शराब कीमती





48800 रुपये एवं 1 मोटर साईकिल जब्त की गई । सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के प्रकरण पंजीबद्ध किये गये।इन आरोपियों में कृष्णकुमार पिता द्वारका प्रसाद शर्मा निवासी जैतपुरा कोपरा थाना देवरी जिला सागर हाल मुकेश नायक कालोनी, जितेन्द्र पिता लल्लन सिंह राजपूत निवासी मिर्जापुर औरंगाबाद बिहार हाल चंपत पिपरिया थाना दमोह देहात, मुरलीधर उर्फ मन्नू पिता डोमन रजक निवासी ककरा,हल्लेभाई पिता मुन्नी पटैल निवासी टिकरी पिपरिया,परषोत्तम पिता मलखान पटैल निवासी बडगुंवा थाना जबेरा, हेमेन्द्र उर्फ मोनू पिता रामेश्वर पटेल निवासी पथरिया,कमलेश पिता शोभा सिंह लोधी निवासी आबूखेड़ी,लखन सिंह पिता गोविन्द सिंह लोधी निवासी आबूखेड़ी, राहुल सिंह पिता राजा सिंह लोधी निवासी आबूखेड़ी,प्रीतम पिता सुखलाल पटैल निवासी झिरा,खरगराम पिता कोमल रजक निवासी पिपरिया चंपत, शेर सिंह पिता नन्नू सिंह राजपूत निवासी सूखी पिपरिया से अवैध देशी शराब कुल 635 पाव ( 114.3 लीटर) कीमती 48800 रुपये एवं एक मोटर साईकिल हीरो एच.एफ.डीलक्स कीमती 30000 रुपये जब्त की गई है इस दौरान सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों में उनि अमित मिश्रा थाना प्रभारी दमोह देहात, उनि कादर खान, उनि संजू सैयाम, सउनि मनोज पटैल, प्र.आर 105 रामगोपाल, प्र.आर 475 तुलसीराम पटैल, प्र.आर 178 हेमंत अवस्थी, प्र.आर 313 कृष्णकुमार, प्र.आर 762 दीपक ठाकुर, आर. 736 अखिलेश साहू, आर. 120 प्रसून, आर. चालक 590 रविन्द्र थाना दमोह देहात का विशेष योगदान रहा।

## थाना दबोह पुलिस द्वारा 1 साल से फरार स्थाई वारंटी एवं संपत्ति संबंधी अपराध के आरोपी को किया गिरफ्तार

पंकज त्रिपाठी पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लहार अवनीश बंसल के नेतृत्व मे चलाए जा रहे अभियान के तहत दिनांक 28 मार्च 2023 को दर्ज हुए अपराध क्रमांक 55 /23 धारा 457, 380 भादवि में आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गया मशरूका मोबाइल कीपैड चार्जर एवं अन्य सामान आदि जप्त किया गया है, अन्य दो आरोपियों की तलाश जारी है ! माननीय न्यायालय लहार के प्रकरण क्रमांक 1101/19 में दिनांक 15 मार्च 2022 को उक्त आरोपी अकबर पुत्र शहजाद खान उम्र 35 वर्ष निवासी रिछा मोहल्ला, वार्ड क्रमांक 2 दबोह के विरुद्ध स्थाई वारंट भी जारी हुआ है, जिसे स्थाई वारंट में भी गिरफ्तार किया गया है। कार्रवाई मैं थाना प्रभारी निरीक्षक संजीव तिवारी, सहायक उपनिरीक्षक राज किशोर तिवारी, सहायक उपनिरीक्षक अवनीश शर्मा, सहायक उपनिरीक्षक महेंद्र ऊचाड़िया,प्रधान आरक्षक आकाश केन,आरक्षक चालक 961 विकास पवैया की सराहनीय कार्यवाही रही !

## थाना मिहोना पुलिस द्वारा शास. कार्य मे वाधा उत्पन्न करने वाले आरोपी को 06 घंटे के अंदर किया गिरफ्तार

पंकज त्रिपाठी
पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के निर्देशन मे तथा एसडीओपी लहार अवनीश बंसल के मार्गदर्शन में गुण्डे बदमाशो की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे, अभियान के तहत निरीक्षक राजेश सातनकर थाना प्रभारी थाना मिहोना व उनकी टीम द्वारा शासकीय कार्य मे वाधा उत्पन्न करने वाले आरोपी को 06 घंटे के अंदर गिरफ्तार किया। फरियादी जुगल किशोर राजावत निवासी वारहैट द्वारा शासकीय कार्य में वाधा उत्पन्न करने एव माँ बहिन की गंदी गंदी गालियाँ, जान से मारने की धमकी के संबंध में रिपोर्ट की जिस पर से अपराध क्र 41/23 धारा 353,332,294,506 का अपराध कायम कर आरोपी की गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी द्वारा तत्परता से टीम गठित कर आरोपी को अपराध लिखे जाने से 06 घंटे के अन्दर आरोपी को जगनपुरा तिराहे से गिरफ्तार किया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी राजेश सातनकर, सउनि हरिशचन्द्र, सउनि राजकुमार शर्मा प्र. आर0 436 शकील मोहम्मद, प्रआर0 695 शेरसिंह, आर0 1170 प्रदीप तोमर, आर0 चालक 124 धर्मेन्द्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

### ऋतुराज चव्हाण के निर्देशन में होने जा रह नाटक चौसर शो से तीन दिन पहले ही हुआ हाउस फुल

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे




ग्वालियर। स्मार्ट सिटी एवं नगर निगम ग्वालियर के तत्वाधान में आयोजित नाटक चौसर की तैयारियां पूर्ण हों चुकी हैं।नाटक को लेकर दर्शकों में भी काफी उत्साह देखा जा रहा है। जिसका प्रमाण है कि नाटक से तीन दिन पूर्व ही शो हाउस फुल हो चुका है और सभी डोनेशन कार्ड(एंट्री पास) वितरित हों चुके हैं। इसके बाद भी दर्शकों की भारी मांग एवं एडवांस बुकिंग को ध्यान में रखते हुऐ नाटक की पूरी टीम ने मिलकर इस नाटक का पुनः प्रदर्शन 04 अप्रैल 2023 मंगलवार को करने का निर्णय लिया है।जो कि इन युवा कलाकारों के द्वारा ग्वालियर रंगमंच की दिशा में एक बहुत ही सराहनीय कार्य है।

## ओलावृष्टि तथा बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुई फसलों का जल्द करें सर्वे: गोविंद सिंह राजपूत

### राजस्व एवं परिवहन मंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश, न हो कोई लापरवाही

पुष्पांजली टुडे

**दमोह।** तेज बारिश, आंधी-तूफान तथा भारी ओलावृष्टि के कारण किसानों की फसलों को नुकसान हुआ है, जिसको लेकर राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने दूरभाष पर कलेक्टर तथा तहसीलदार एवं पटवारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि मौके पर पहुंचकर फसलों का निरीक्षण करें। श्री राजपूत ने कहा कि ओलावृष्टि के कारण कहां कितना नुकसान हुआ है इसको लेकर जल्द ही समीक्षा बैठक ली जाएगी जिस भी अधिकारी, कर्मचारी की इस कार्य में लापरवाही सामने आई उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिन किसानों की फसलों को तेज बारिश तथा ओलावृष्टि के कारण नुकसान हुआ है वह चिंता ना करें, सरकार उनके साथ है। सभी किसानों को फसलों का पर्याप्त मुआवजा दिया जाएगा। राजपूत ने अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर सर्वे करने के निर्देश दिए हैं।

**सरकार किसानों के साथ**-गोविंद सिंह राजपूत ने किसानों से आग्रह किया है कि आप धैर्य रखें, सरकार आपके साथ है।ओलावृष्टि और बारिश के कारण किसानों की फसलें नष्ट हुई है जिसको लेकर सरकार गंभीर है और जल्द ही सभी किसानों को मुआवजे की राशि मुहैया कराई जाएगी। किसी भी हालत में किसानों को सरकार परेशान नहीं होने देंगी।

## जैन मिलन गोरमी वार्षिक चुनाव संपन्न हुआ

संतोष सिंह भदौरिया
दैनिक पुष्पांजलि टुडे न्यूज़

**गोरमी।** अध्यक्ष बने अरविंद जैन पटवारी मंत्री प्रदीप जैन टिंकल बने 2023-2024 के लिए चुनाव सर्वसम्मति से चुनी गई नव निर्वाचित प्रतिनिधियों सर्वसम्मति से गठित की गई है । जिसकी अध्यक्षता वीर वीरेंद्र जैन भारतीय जैन मिलन राष्टीय कार्यकारिणी सदस्य के नेतृत्व में चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव आयोगअनील जैन पांडे विजय जैन बल्लू डॉ विजय जैन प्रदीप जैन अजीत जैन बंटी डॉ दीपक जैन संजीव जैन नेतृत्व में संपन्न हुआ जिसमें अध्यक्ष अरविंद जैन पटवारी मंत्री प्रदीप जैन टिंकल कोषाध्यक्ष मनोज जैन कचना वाले बने कार्यकारी अध्यक्ष आशीष ज्ञान उपाध्यक्ष अजय जैन तिहैया मनोज जैन हजुपुरा दीपक जैन सिंघई विकास जैन जैन मिलाने की सभी सदस्य उपस्थित रहे। संजीव जैन दद्दा कमलेश जैन के के अतुल जैन सिंघई सचिन जैन कल्लू सतीश जैन बालूपुरा राजीव जैन करू चौधरी सोमिल जैन मोनू जैन थाना रोड ग्रीटिंग चेयरमैनअरविंद जैन बॉबी पांडे विवेक जैन प्रचार मंत्री धर्मेंद्र जैन सकराव वाले ठाकुर पवन जैन मीडिया प्रभारी आनंद जैन लालू डॉ राजकुमार जैन प्रदीप जैन टिंकल के निजी निवास पर चुनाव संपन्न हुआ जैन मिलन गोरमी के सभी सदस्य उपस्थित रहे सभी नव-निर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई एवं शुभकामनाएं ।



## करियर की शुरुआत में अच्छे लोग मिले, लकी महसूस करती हूं: मोनिका साहू



मोनिका ने केवल मॉडलिंग में ही नहीं बल्कि सामाजिक कार्यों और रिसर्च में भी काफी नाम कमाया है। मोनिका हरियाणा के जींद जिले से संबंध रखतीं हैं। मोनिका फिलहाल लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी से पीएचडी कर रही है और साथ की साथ मॉडलिंग, सामाजिक कार्यों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती है। मोनिका ने अनेकों अवार्ड और सम्मान प्राप्त भी हुए हैं। मोनिका ने बताया की उनकी मम्मी ने उनको बहुत मोटिवेट किया और कहा की हम आपके साथ है आप आगे बढ़ो और अपने कैरियर पर ध्यान दो। मोनिका ने बताया की शादी के बाद मोनिका के पति और ससुराल वालों ने भी स्पोर्ट किया। जहां भी आज मैं खड़ी हूं मैं मेरे मम्मी की बदोलत खड़ी हूं मोनिका साहू ने कड़ी मेहनत करके अपने मम्मी पापा और अपने ससुराल वालों का नाम रोशन किया। मोनिका साहू ने मॉडलिंग की शुरुआत 1 साल पहले की थी मॉडलिंग में कदम रखने के बाद इन्होंने कई अवार्ड जीते हैं और धीरे-धीरे अपने नाम का परचम लहरा रही है मॉडलिंग कर अपने सपनों को साकार कर रही हैं और इन्होंने कई ब्रांडों के लिए शूट किए हैं रैंप वॉक करती है कई कार्यक्रमों में इन्हें बुलाकर सम्मानित भी किया गया है।

**इंडस्ट्री में अब तक का सफर कैसा रहा**-मैं बहुत खुश हूं, शुरुआत में मैं थोड़ी नर्वस थी लेकिन इंडस्ट्री से मुझे जो प्यार और गर्मजोशी मिली है, वह बिल्कुल अद्भुत है और मैं वास्तव में आभारी हूं।

**लॉकडाउन का दौर आपके लिए कैसा रहा था**?. पहले फेज के दौरान तो मुझे यही एहसास हुआ कि मैं बहुत लकी हूं कि मैं अपनी मां के साथ अपने घर में थी। इसी दौरान मैं अपने पति से भी मिली। फर्स्ट लॉकडाउन के बाद हमने शादी भी कर ली थी। तो हां, व्यक्तिगत तौर पर उस वक्त मेरी जिंदगी में बहुत बदलाव आ रहे थे और सभी अच्छे बदलाव थे। उस वक्त हर कोई दुख में था, हर कोई जिंदगी से जूझ रहा था। सबकी अपनी दिक्कतें थीं, कितनों ने अपनों को खोया था। कहीं ना कहीं, हम सब उस वक्त खुद को पावरलेस महसूस कर रहे थे।

**इंडस्ट्री में क्या बदलाव देखना चाहती हैं**-बदलाव आज भी मैं यही चाहूंगी कि जो नये चेहरे अपना करियर शुरू करना चाहते हैं उनको बहुत सी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।वो उनको ना करना पड़े और सभी को एक नज़र से देखें और बर्ताव करें।

**मॉडल बनने की चाहत मन में सबसे पहले कब आई थी**- मैं शुरुआत से ही पढ़ाई में टॉपर रही हूं। मेरा मॉडलिंग में आना सबसे ज्यादा श्रेय में अपनी मम्मी को देती हूं। मेरी मम्मी ने कहा की मोनिका आपकी हाइट अच्छी है, आत्मविश्वास है सब है तुम मॉडलिंग की शुरुआत करों। तब से मैंने भी मन बना लिया था की अब एक बार मॉडलिंग में हाथ। आज़माना चाहिए। शादी के बाद मेरा फॉर्म भी मम्मी ने भरवां दिया और वहीं से मेरा मॉडलिंग के करियर की शुरुआत हुई।

**मिला परिवार का सहयोग**-12 के बाद जब मैं यूनिवर्सिटी गयी थी तब तक मेरा पूरा ध्यान पढ़ाई पर ही था। यूनिवर्सिटी और स्कूल में भी मैंने हर जगह डांस कंपटीशन में हिस्सा लिया है। डांस के साथ-साथ एंकरिंग में भी हिस्सा लिया है। हर मोड़ पर मेरा मेरे परिवार ने साथ दिया और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

## सम्पादकीय

### जख्मों पर मरहम

*हाल ही के दिनों में मौसम के बिगड़े मिजाज के चलते खेतों में तैयार रबी की फसलों को अतिवृष्टि व ओलों से हुए नुकसान की शीघ्र क्षतिपूर्ति की आस किसान लगाये बैठे थे। इस दिशा में हरियाणा सरकार ने पहल की और मानक तैयार करके फसलों का मुआवजा तय किया। गिरदावरी कराकर नुकसान का जायजा लेने के बाद पंद्रह दिनों में किसानों को मुआवजा देने का वादा किया है। इसी क्रम में अब पंजाब सरकार ने भी किसानों के नुकसान को कम करने के लिये वर्षा व ओलावृष्टि से हुई क्षति के अनुरूप मुआवजा देने की घोषणा की है। रविवार को मुख्यमंत्री ने पंजाब के उन जिलों का दौरा किया जहां फसलों को ज्यादा नुकसान हुआ है। दरअसल, मोगा, मुक्तसर साहिब, बठिंडा व पटियाला आदि जनपदों में प्रभावित खेतों का निरीक्षण करके मुख्यमंत्री मान ने घोषणा की कि मुआवजा राशि 25 फीसदी बढ़ाई गई है। पंजाब सरकार ने घोषणा की है कि फसलों को 75 फीसदी से अधिक नुकसान पर किसानों को 15000 रुपये तथा तैंतीस फीसदी से 75 फीसदी तक के नुकसान पर प्रति एकड़ 6750 रुपये की दर से मुआवजा दिया जायेगा। इसके साथ ही श्रमिकों को भी दस फीसदी मुआवजा दिया जायेगा। वहीं अतिवृष्टि में पूरे मकान को हुए नुकसान के लिये 95100 और मामूली नुकसान पर 5200 रुपये की मुआवजा राशि दी जायेगी। निस्संदेह, पंजाब सरकार का यह कदम सराहनीय है क्योंकि विगत में जो मुआवजा दिया जाता था, वो एक मजाक की तरह बेहद कम था। यहां तक कि किसानों को नाममात्र का मुआवजा ही मिल पाता था। मान सरकार दावा कर रही है कि न केवल मुआवजा राशि में वृद्धि हुई है बल्कि यह राशि जल्दी से जल्दी किसान के खाते में जाये, यह सुनिश्चित किया जा रहा है। यह विडंबना ही है कि तेज हवाओं, बारिश व ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान उस समय हुआ जब रबी की फसल लगभग कटाई के लिये तैयार थी। यह अच्छी बात है कि पंजाब व हरियाणा की सरकारों समय पर किसानों के जख्मों पर मरहम लगाने की इच्छाशक्ति दिखा रही हैं। फसलों को हुई क्षति के चलते किसानों का उत्पादन कम हुआ है और एक सीजन कमोबेश बेकार चला गया है। जिला उपायुक्तों को प्रभावित क्षेत्रों में तुरंत गिरदावरी कराने के निर्देश दिये गये हैं ताकि किसान को जल्दी राहत मिले। सवाल उठता है कि फसलों के लिये जो केंद्र सरकार की बीमा योजना लागू है, उससे समय रहते मुआवजा क्यों नहीं मिल जाता। देखने में आता है कि किसान के बजाय बीमा कंपनियां हमेशा फायदे में रहती हैं। अब मान सरकार कह रही है कि वह नयी फसल बीमा योजना लाएगी। जिसका लक्ष्य किसानों को यथाशीघ्र असली राहत देने का है। निस्संदेह, आज किसान एक बड़ा वोट बैंक है। यही वजह है कि सरकारें व नेता घोषणाएं करने में तो देर नहीं लगाते हैं, लेकिन धरातल पर उसका असर कम नजर आता है। निस्संदेह, हर तरह से किसानों के हितों की रक्षा की जानी चाहिए। किसानों को भी लगना चाहिए कि मुश्किल घड़ी में उनके दुख-दर्द के प्रति सरकार का रवैया संवेदनशील रहा है। यह भी कि सरकार बहुसंख्यक किसानों की पीड़ा को भली-भांति समझती है। यहां खेतिहर श्रमिकों की समस्या पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। यह राहत उन लोगों को भी मिलनी चाहिए, जो दूसरे का खेत ठेके पर लेकर खेती करते हैं। अक्सर यह मुआवजा खेती करने वाले किसान की बजाय धनाढ्य खेत मालिक को मिल जाया करता था। पंजाब सरकार ने अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि ठेके पर खेती करने वाले किसानों को ही फसल को हुए नुकसान का मुआवजा दिया जाये। इतना ही नहीं, सरकारों को खेती को लाभप्रद बनाने के लिये किसानों को गेहूं और धान के चक्र से बाहर निकालकर वैकल्पिक फसलों के लिये प्रोत्साहित करना चाहिए। साथ ही इन उत्पादों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की भी व्यवस्था करनी चाहिए, जिससे किसानों की आय में वृद्धि हो सके। चिंता की बात यह है कि मार्च में असामान्य बारिश के बाद माह के अंतिम दिनों में अधिक वर्षा पश्चिमी विक्षोभ के चलते होने की बात कही जा रही है।*

# धर्मस्थलों को सुरक्षित बनाएं

इंदौर के बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर में रामनवमी के दिन हुआ हादसा जितना त्रासद और दुर्भाग्यपूर्ण है, उतना ही विचारणीय भी। रामनवमी के मौके पर मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगना कोई अप्रत्याशित बात नहीं थी। जाहिर है भीड़ को संभालने के लिए जिस तरह की चाक-चौबंद और चौकस व्यवस्था होनी चाहिए थी, उसका वैसे ही अभाव था जैसे आम तौर पर मंदिरों में होता है। मिली जानकारी के मुताबिक, मंदिर के अंदर बावड़ी को ढकने वाले स्लैब पर भी काफी लोग इकट्ठा हो गए थे। कोई उन्हें रोकने वाला या यह बताने वाला नहीं था कि यह स्लैब कमजोर है और ज्यादा लोगों का बोझ नहीं वहन कर सकता। वही हुआ भी। अचानक स्लैब धंस गया और उस पर खड़े तमाम लोग नीचे कुएं में गिर गए। मामले की जांच के आदेश तत्काल दे दिए गए। मृतकों के परिजनों और घायलों के लिए मुआवजा राशि घोषित करने में भी सरकार ने देर नहीं लगाई। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि आखिर क्यों हमें बार-बार विभिन्न धार्मिक स्थलों से ऐसे हादसों की खबरें सुनने को मिलती हैं। कभी किसी



मंदिर की छत गिर जाती है तो कभी रेलिंग का हिस्सा टूटकर गिर जाता है। क्यों इन मंदिरों और अन्य धर्मस्थानों की मरम्मत और रखरखाव की व्यवस्था पर नजर नहीं रखी जाती। कानून के अनुरूप, उनकी जिम्मेदारी क्यों नहीं तय हो पाती। ताजा हादसे का भी यह एक अहम पक्ष है। मंदिर के अंदर स्थित बावड़ी को इस तरह ढका जाना गैरकानूनी तो था ही, स्थानीय प्रशासन को इसकी जानकारी भी थी। इस बारे में नोटिस भी दिया गया था। खबरों के मुताबिक जनवरी के आखिरी हफ्ते में इंदौर नगर निगम ने मंदिर के ट्रस्ट को अल्टीमेटम दे दिया था कि अगर एक सप्ताह के अंदर इस स्लैब को नहीं हटाया गया तो जबरन हटा दिया जाएगा और उसका खर्च मंदिर प्रबंधन से लिया जाएगा। नगर निगम का यह रुख बिलकुल सही था। लेकिन इसके बाद हिंदू समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप लगने लगे। कहा जाने लगा कि नगर निगम प्रशासन मंदिर के अंदरूनी मामलों में बेवजह दखल दे रहा है। ऐसा लगता है कि कथित तौर पर हिंदू समुदाय की धार्मिक भावनाओं का वास्ता दिए जाने के बाद नगर निगम दबाव में आ गया। संभवतः इसीलिए जो काम एक सप्ताह की समय सीमा समाप्त होते ही शुरू हो जाना चाहिए था, उस दिशा में दो महीने बाद भी कोई प्रगति नहीं हुई। नतीजा यह कि रामनवमी के मौके पर श्रद्धालुओं को अपनी जान देकर इस लापरवाही की कीमत चुकानी पड़ी। आखिर कथित धार्मिक भावनाओं के नाम पर हमारी कानून व्यवस्था से जुड़ी एजेंसियां अक्सर लाचार क्यों दिखने लगती हैं। यह स्थिति बेहद खतरनाक है। एक बात यह भी है कि राज्य सरकारें अपने यहां के धर्मस्थलों का सुरक्षा ऑडिट क्यों नहीं करातीं ताकि ऐसे हादसे रोके जा सकें।

# कौन हैं असली दोषी ?

मई 2008 के जयपुर सीरियल ब्लास्ट मामले में राजस्थान हाईकोर्ट का फैसला न केवल चौंकाता है बल्कि कई अहम सवाल भी खड़े करता है। उन भीषण धमाकों में 71 लोगों की मौत हुई थी और 200 लोग घायल हुए थे। इस मामले में गिरफ्तार किए गए पांच लोगों में से चार को विशेष अदालत ने दिसंबर 2019 में फांसी की सजा सुनाई थी, जबकि एक शख्स को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया था। अब हाईकोर्ट ने इन चारों को बरी





कर दिया है। उसके मुताबिक, इनके खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य पेश नहीं किए गए। पुलिस को लापरवाही का दोषी पाते हुए हाईकोर्ट ने संबंधित अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच शुरू करने के निर्देश भी दिए हैं। उसकी इस बात से सहमति जताई जा सकती है कि किसी भी मामले में साक्ष्यों की परख कड़ाई से की जानी चाहिए। लेकिन सवाल यह है कि साक्ष्यों की परख का पैमाना क्या हो। हाईकोर्ट ने कहा कि पुलिस ने लापरवाही बरती और ठोस अकाट्य सबूत नहीं जुटाए। लेकिन फांसी की सजा सुनाने वाली विशेष अदालत का कहना था कि ऐसे मामलों में चश्मदीद गवाहों का मिलना मुश्किल होता है।

इसलिए परिस्थितियों और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर फैसला दिया जा सकता है। तो सवाल तो उठता है कि ऐसे मामलों में परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर फैसला दिया जाना चाहिए या नहीं। दो भिन्न अदालतों के इतने अलग-अलग फैसले देख कर आम लोगों के मन में भी सवाल उठना लाजिमी है। यह कोई सामान्य बात तो नहीं कि जिन साक्ष्यों को एक अदालत ने फांसी जैसी सजा के लिए काफी माना, उन साक्ष्यों को दूसरी अदालत ने किसी भी सजा के लायक नहीं माना। उसने सबको बरी कर दिया। तो क्या पकड़े गए इन लोगों का सीरियल ब्लास्ट से कोई लेना-देना ही नहीं था। पुलिस ने निर्दोष लोगों को पकड़ लिया था। अगर ऐसा है तो फिर वे कौन लोग थे, जिन्होंने सीरियल ब्लास्ट को सचमुच अंजाम दिया था। क्या वे अब भी खुले घूम रहे हैं। हर हाल में पुलिस तंत्र और न्याय व्यवस्था को कड़े सवालों का सामना करना ही पड़ेगा। गौर करने की बात है कि यह कोई अकेला मामला नहीं है। बम धमाकों और आतंकी हमलों से जुड़े कई मामलों में पकड़े गए लोग ऊपरी अदालतों से छूटते रहे हैं। ऐसे में इस मामले को एक नजीर की तरह लेते हुए यह देखना जरूरी है कि आखिर गड़बड़ी कहां हो रही है। क्या पुलिस दोषियों को पकड़ने में आवश्यक सावधानी नहीं बरत रही या उनके खिलाफ सबूत जुटाने में लापरवाही हो रही है या फिर साक्ष्यों को परखने की प्रक्रिया में ही ऐसी कसौटियां अपनाई जा रही हैं, जो व्यावहारिक नहीं हैं? उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट में इन तमाम पहलुओं पर न सिर्फ बारीकी से विचार होगा बल्कि व्यावहारिक राह भी निकाली जाएगी।

# समलैंगिक विवाह को वैध बनाने के खतरे

समलैंगिक विवाह के संदर्भ में एक तर्क यह भी दिया जाता है कि कानूनी मान्यता प्राप्त होने पर ऐसे युगलों के संबंध कहीं अधिक स्थिर होंगे। हालांकि मैसाचुसेट्स के अध्ययन में पाया गया कि केवल एक साल या उससे कम में ही उन्होंने अपने रिश्ते को तोड़ने की बात की। डा. ऋतु सारस्वतः समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने की मांग कर रही याचिकाओं का केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में विरोध किया है। कहा है कि इसकी मान्यता से स्वीकार्य सामाजिक मूल्यों में संतुलन प्रभावित होगा। यकीनन मूल्यों और परंपराओं को दकियानूसी कहने वाला सोच इसे भारत का पिछड़ापन कहेगा, परंतु समलैंगिक विवाह को मान्यता देने पर भविष्य में इसके क्या परिणाम होंगे। यह विचारणीय बिंदु है। परंपरागत रूप से विवाह और संतानोत्पत्ति एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं, परंतु एक वर्ग विवाह के प्रजनन अर्थ को खारिज करता है। यह कोई संयोग नहीं कि जिन देशों ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता दी है, वहां सबसे कम प्रजनन दर है। नीदरलैंड, स्वीडन और कनाडा में समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता है और वहां की जन्म दर प्रति महिला लगभग 1.6 बच्चे हैं, जो 2.1 की प्रतिस्थापन प्रजनन दर से बहुत नीचे है। जनसंख्या संबंधी अंतरराष्ट्रीय आंकड़े भी यही बता रहे हैं कि जिन दस देशों में अध्ययन के समय समलैंगिक विवाह को अनुमति थी, उनकी प्रजनन दर दुनिया के 193 देशों से कम थी। यहां संभवतः यह तर्क देने का प्रयास किया जाएगा कि कम जन्म दर का कारण विषम-लैंगिक युगलों द्वारा प्रजनन के प्रति घटती रुचि है, परंतु विभिन्न शोध इस तथ्य को इंगित कर रहे हैं कि समलैंगिक विवाह एक जन्म विरोधी मानसिकता को बढ़ावा देता है और हम जानते हैं कि जनसंख्या में गिरावट समाज पर जबरदस्त सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक तनाव डालती है। समलैंगिक विवाह की पैरवी करने वाले यह तर्क देते हैं कि यद्यपि वे सामान्य रूप से बच्चों को जन्म नहीं दे सकते, परंतु बच्चों को गोद लेकर या शुक्राणु दान से वे अभिभावक बन सकते हैं और बच्चों की बेहतर परवरिश कर सकते हैं। 'नो बेसिस : व्हाट द स्टडी डोंट टेल अस अबाउट सेम-लिंग पैरेंटिंग' नामक शोध उन सभी शोधों पर प्रश्न उठाता है, जो निरंतर यह तथ्य स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं कि समलैंगिकों के बच्चे विषमलैंगिक अभिभावकों के बच्चों से बिल्कुल भिन्न नहीं हैं। 'ए न्यू स्टडी आफ यंग एडल्ट्स कंसीव्ड थ्रू स्पर्म डोनेशन' बताता है कि सामाजिक और आर्थिक सुनिश्चितता के बावजूद भी शुक्राणु दान के माध्यम से जन्म लिए बच्चों में जैविक माता-पिता की संतानों की अपेक्षाकृत मादक द्रव्यों का सेवन, अपराध की ओर झुकाव तथा अवसाद की आशंका अधिक रहती है। वहीं आस्ट्रेलिया में हुए एक अध्ययन में विषमलैंगिक विवाहित जोड़ों के बच्चों की तुलना में समलैंगिक जोड़ों के बच्चों का प्रदर्शन सामाजिक एवं अकादमिक स्तर पर खराब पाया गया। समलैंगिक विवाह के वैधीकरण से उत्पन्न सबसे बड़ी त्रासदी वयस्कों पर नहीं, बल्कि बच्चों से जुड़ी है। समलैंगिक विवाह यह सिद्ध करने की चेष्टा है कि मातृहीन अथवा पितृहीन बच्चे समाज की वास्तविकता हैं। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि समाज स्वयं जानबूझकर बच्चों के लिए स्थायी रूप से मातृ अथवा पितृहीन परिवारों का विकल्प उपलब्ध करवाकर उनके भविष्य को अंधकार में धकेलने को तत्पर दिखाई दे रहा है। समलैंगिक विवाह के संदर्भ में एक तर्क यह भी दिया जाता है कि कानूनी मान्यता प्राप्त होने पर ऐसे युगलों के संबंध कहीं अधिक स्थिर होंगे।

# जब पहली बार हनुमान लंका गए तो जाम्बवन्त ने किया था मोटिवेट

मोटिवेशन इंग्लिश शब्द है और अगर आप इसका अर्थ निकालेंगे तो इसका मतलब होता है किसी मोटिव के लिए एक्शन लेना. अब अगर हम इसका नॉर्मल भाषा में मतलब समझें तो इसका मतलब ऐसे समझा जा सकता है कि जैसे अगर मोबाइल को जब तक किसी चार्जर से चार्ज नहीं किया जाता है तो वह फंक्शन में नहीं आता है. चार्जर उसको फंक्शन में लाता है, उसे यूज़ करने के लायक बनाता है. दूसरा उदाहरण गाड़ी का ले सकते हैं. गाड़ी में इंजन कितना भी हाई-परफॉर्मेंस क्यों नहीं हो लेकिन अगर उसमें फ्यूल नहीं हो तो इंजन का कोई मतलब नहीं होता है...तो कहने का अर्थ ये ही इंसान की जिंदगी में भी ऐसा ही होता है. इंसान आज इतनी सारी चीजों से घिरा हुआ है. वह डिस्ट्रैक्टेड है, उसका ध्यान बंटा हुआ है. मोटिवेशनल चीजें मोटिवेशनल कॉन्टेंट या कोई अच्छी चीजें या अच्छा इंसान किसी की जिंदगी में आता है तो उसे उसके लक्ष्यों की प्राप्ती की याद दिलाता है. जैसे पहली बार हनुमान जी समुद्र पार करके लंका गए थे तो उस वक्त जामवंत जी ने पहली बार एक मोटिवेशनल स्पीकर का रोल अदा किया था. अगर वहां जामवंत नहीं होते और हनुमान जी को उनकी शक्तियों की याद नहीं दिलाते तो मैं समझता हूं कि वे कभी भी समुद्र पार नहीं कर पाते.. मैं समझाना यह चाह रहा हूं कि हर इंसान के अंदर हनुमान वाली कैपेसिटी है, लेकिन उसको एक जामवंत चाहिए होता है जो उसको याद दिलाए कि तुम ये कर सकते हो और वो याद दिलाने वाला व्यक्ति ही मोटिवेशनल स्पीकर होता है. मोटिवेशन का बहुत ज्यादा रोल होता है. आज के समय में सोशल मीडिया ऐसी चीज बन गई है कि बहुत सारे लोग इसका मजाक भी उड़ाते हैं. मोटिवेशन नहीं, मोटिवेशन तो शॉर्ट टाइम है. लेकिन मोटिवेशन का उदाहरण तो मैं सीधा हनुमान जी से कनेक्ट करता हूं.

आप भगवान राम से भी सीख सकते हैं, जब सीता जी का हरण हुआ था भगवान राम जी विचलित हो गए थे, परेशान हो गए थे. उस वक्त लक्ष्मण जी ने उनको मोटिवेट किया था. लक्ष्मण ने कहा, भैया आप तो दुनिया को दिशा दिखाने वाले हैं. आप तो पृथ्वी के राजा हैं, अगर आप ऐसे हतोत्साहित हो जाएंगे तो कैसे चलेगा. आपको तो भाभी को लेकर के आना है. उस वक्त लक्ष्मण जी ने मोटिवेशनल स्पीकर का काम किया था...तो कहने का मतलब है कि जब भगवान राम को जरूरत है, हनुमान को जरूरत है, अर्जुन जैसे वीर योद्धा को जरूरत है भगवान कृष्ण के मोटिवेशन की तो फिर हम सब तो बहुत ही मामूली इंसान हैं. हमें तो बिल्कुल मोटिवेशन चाहिए. मैं, बहुत छोटी सी चीज करता हूं. मैं बस लोगों को उनकी शक्तियों को याद दिलाता हूं और उन शक्तियों को याद दिलाने के लिए उन्हें कुछ कहानियां सुना देता हूं. उन लोगों की होती है जिन्होंने अपनी जिंदगी में कुछ किया है और कहानियां सुनाने का तरीका कुछ इस प्रकार होता है कि वह व्यक्ति अपनी जिंदगी से उसे डिलीट कर पाए मतलब यह कि वह कहानी उस व्यक्ति की नहीं है जिसके बारे में बताई जा रही है बल्कि उसकी है जो मुझे सुन रहा है. मैं इस कला का इस्तेमाल करता हूं. जब मैं, कहानियों की बात कर रहा हूं तो किसी कि भी कहानी हो सकती है. जैसे कोई फिल्म स्टार या भगवान की कहानिया और मैं अपने ईर्द-गिर्द होते हुई चीजों से बहुत सारी कहानियां निकाल लेता हूं. उदाहरण के तौर पर हाल ही में मैंने एक अपनी एक वीडियो में कहा था कि जो शक्तिशाली इंसान होता है वह, हमेशा कमजोर पर हावी हो जाता है. इसके लिए मैं एक उदाहरण दिया था वो ये कि जब हम सड़कों पर चलते हैं अगर किसी गाड़ी वाले को बाइक वाले ने हल्का सा स्क्रैच लगा दिया तो उस वक्त देखो कौन किस पर हावी होता है. जो पहले निकल कर सामने वाले को झाड़ना शुरू कर दिया, उसे डराना-धमकाना शुरू कर दिया वो आदमी दूसरे पर हावी हो सकता है. अगर बाइक वाले ने पहले चिल्ला दिया तो वह कार वाले पर हावी हो जाएगा और अगर कार वाला गेट खोलकर पहले चिल्लाने लग गया तो वह बाइक वाले पर हावी हो जाता है. इस तरह की घटनाएं देख कर मुझे एक चीज तो समझ में आ गई कि आज दुनिया में हर कोई अपना प्रभाव झाड़ना चाहता है...तो प्रभाव झाड़ने का उदाहरण मैंने वहां ले लिया. आज कल के युवाओं को देखो उनमें आईफोन का बहुत क्रेज होता है. यहां तक की आदमी कुछ भी करने को तैयार है. उसको तीन कैमरे वाला आईफोन चाहिए होता है. वो उसे पाने के लिए चाहे ईएमआई करा ले या पैसा चोरी कर ले या कुछ भी दो नंबर का काम कर ले लेकिन उसे हाथ में आईफोन चाहिए. यहां से उदाहरण क्या निकल कर आता है कि आज का यूथ दूसरों को प्रभावित करने के लिए वो गलत रास्ता भी चुनने को तैयार है...तो कहानियां इस तरह से निकाली जाती हैं. मेरा मानना है कि आपके अंदर ऑब्जरवेशन पावर होना चाहिए. मैं कहानियां फिल्मों से निकाल लेता हूं चूंकि मैं बॉलीवुड का शौकीन हूं. मेरा मानना है कि



आदमी को कभी भी अच्छे समय में इतराना नहीं चाहिए और बुरे समय में कभी घबराना नहीं चाहिए. मैं ऐसा मानता हूं कि ये पुरी सृष्टि भगवान के दिशा-निर्देश पर चलती है. जो आदमी भगवान को नहीं मानता है मैं उसको प्रकृति शब्द से समझा देता हूं कि हर कुछ प्रकृति के दिशा-निर्देश पर चलता है. हमें इस चीज को समझना पड़ेगा. दुनिया में जितने भी आदमी हैं आप भगवान राम से लेकर आज तक की बात कर लो जिसे वे ऊंचा उठाना चाहते हैं उसके सामने कठिन से कठिन परीक्षा रखी जाती है. आपने देखा होगा स्कूल में किसी एक कक्षा में एक बच्चा मैथ्स में बहुत तेज होता है. उसकी तुलना में 99 प्रतिशत बच्चे उसके बराबर नहीं होते हैं. अब मास्टर जी किसको ज्यादा सिखाना पसंद करेंगे उस बच्चे को या उन 99 प्रतिशत बच्चों को जो ज्यादा सक्रिय नहीं हैं. मास्टर जी कठिन से कठिन सवाल को हल करने के लिए किसे देंगे स्वाभाविक है उसी को देंगे जो तेज है. कई बार मास्टर जी उसे अपने घर बुलाकर कठिन प्रश्नों का हल निकालने को देते हैं जो शायद उसकी कैपेसिटी से बाहर हो. अब ऐसा करने का मास्टर जी का उद्देश्य क्या है क्या वे उसे परेशान करना चाहते हैं. ऐसा तो नहीं है...तो उनका उद्देश्य ये है कि मैं उसे इतना भारी सवाल दूं ताकि वह दुनिया के किसी भी परीक्षा में जाए तो वह टॉप कर जाए. तो मैं अपनी जिंदगी को भगवान से जोड़ कर देखता हूं कि अगर भगवान मुझे तकलीफ देता है या किसी को भी तो आप समझ लीजिए की वो आपसे कुछ चाहते हैं. कुछ बड़ा करवाना चाहता है. आपका एटिट्यूड वहां ऐसा होना चाहिए कि भगवान आपको किसी चीज के लिए तैयार करवाना चाहता है. वह मुसिबत नहीं है बल्कि उसको डट करके, लगकर के उसे ठीक करके आगे बढ़ना है. ये होती है किसी की जिंदगी में तकलीफों का उद्देश्य. ऐसा कभी नहीं होता है कि मेहनत करने के बाद परिणाम नहीं मिले. हां, ये होता है कि मेहनत करने के बाद किसी को जल्दी रिजल्ट मिल जाता है तो किसी को ज्यादा समय लगता है. उदाहरण से समझते हैं...मैथ की क्लास में दो बच्चे हैं. एक बच्चे का दिमाग इतना तेज है कि वह पहली क्लास में ही सारी चीजों को समझ लेता है. एक बच्चा जो थोड़ा सा कमजोर है उसको दो-तीन बार समझने में लगता है. अब मेहनत तो दोनों बराबर कर रहे हैं लेकिन पहले कौन निकल आएगा तो स्वाभाविक है कि जिसका दिमाग तेज है वो जल्दी निकलेगा लेकिन दूसरे वाले का दिमाग कमजोर है तो इसका मतलब ये नहीं है कि वो टॉप नहीं कर सकता है. हां, फर्क इतना आएगा कि उसको मेहनत थोड़ी सी ज्यादा करनी पड़ेगी. उसे सफलता मिलने में थोड़ा सा ज्यादा समय लगेगा. लेकिन क्या ये कहा जा सकता है कि उसका दिमाग कमजोर है तो उसे बिल्कुल भी सफलता नहीं मिलेगी. आदमी में न टैलेंट और मेहनत करने का जज्बा होना ये दोनों ही बिल्कुल अलग-अलग चीजें हैं. टैलेंट भगवान देकर के भेजता है लेकिन मेरा मानना है कि टैलेंट की तो कोई औकात ही नहीं है. मैं तो मेहनत करने की जज्बे के साथ खड़ा हूं. एक और उदाहरण से समझते हैं. मान लीजिए कि किसी आदमी का गला बहुत अच्छा है. उसकी आवाज बहुत अच्छी है तो क्या इसका मतलब ये है कि वह अरिजीत सिंह या लता मंगेशकर की तरह गाना गाने लग जाएगा. चूंकि उनके तरह गाने के लिए बहुत लंबे समय का अभ्यास चाहिए. अगर किसी की कलाई बहुत मजबूत है, अच्छी है तो क्या वह सचिन तेंदुलकर की तरह बल्ला घुमाने लग जाएगा, बिल्कुल नहीं. ऐसा करने के लिए उसे लंबे समय तक अभ्यास करना होगा. मैं तो ये मानता हूं कि आपके पास टैलेंट है या नहीं है इससे रत्ती भर भी फर्क नहीं पड़ता है. फर्क इससे पड़ता है कि आपको जिंदगी में जो बनना है आपने उसके लिए अपने आप को कितना पिरोया है. अपने आप को कितना मंझा है. जितना ज्यादा मंझा है आपकी एक्सपर्टिज की कैपेबिलिटी उतना ही बढ़ जाती है. समय और ताकत ये किसी को कभी मिलता नहीं है. इसे अपनी काबिलियत से हासिल करना पड़ता है. चाहे आप पुराने जमाने में जो राजा-महाराजा हुआ करते थे उनकी तख्त की बात करें तो देखने को मिलता है कि वे उसे अपनी काबिलियत से छीन कर बनते थे. कहने का मतलब है कि जो ताकतवर है वो बन जाता था और जो नाकाम हो जाता था उसे नहीं मिलता था. इसी तरह से समय है क्योंकि यह एक अनमोल रत्न है...तो क्या ये हर किसी को मिल जाएगा. तो मैं इसके लिए सिर्फ इतना करता हूं कि मैं उसे अपनी प्राथमिकता के मुताबिक जीता हूं. अक्सर आप लोगों से ये सुनते होंगे कि अरे..हमें तो योगा करने का समय नहीं मिलता है, किताब पढ़ने का समय नहीं मिलता है...यानी की जितनी भी जरूरी चीजें हैं उसे करने के लिए उसे वक्त नहीं मिलता है. लेकिन उसे रिल देखने का दिन भर का समय मिल जता है, फालतू और उटपटांग वीडियो देखने के लिए समय है, गप्पे लड़ाने के लिए समय है, ये हमने अक्सर सुना है तो मैं इसे कैसे हैंडल करता हूं या किसी को भी कैसे करना चाहिए. तो अपने पूरे दिन को न प्राथमिकता के हिसाब से जिओ. जिसकी प्राथमिकता जिंदगी में सबसे ज्यादा है सुबह उसे पहले करो. उदाहरण के लिए आदमी की जिंदगी में सबसे महत्वपूर्ण चीज क्या है उसका शरीर..तो उसे सबसे पहले उठ कर के शारीरिक फिटनेस के लिए चाहे वो 15 मिनट ही क्यों न हो उसे उसके लिए काम करना चाहिए. इसके बाद मन की सबसे अधिक जरूरत है...चूंकि अगर स्वस्थ शरीर के साथ स्वस्थ मन है तो आप फिर किसी भी फील्ड में जाओ आप अपने झंडे गाड़ दोगे...तो मन भी उतना ही स्वस्थ होना चाहिए जितना की शरीर. तो इसके लिए 10 से 15 मिनट ध्यान में बैठिए और ये कोई बहुत बड़ी चीज नहीं है बस आप अपनी सांसों की गिनती करना शुरू कर दीजिए. फिर धीरे-धीरे ये आपकी आदत बनती चली जाएगी तो मन पर हमने ऐसे काम कर लिया. तीसरी चीज है स्किल जिससे अपना दाना-पानी चलता है. एक छात्र के लिए उसकी पढ़ाई ही उसका स्कील है. बिजनेस मैन के लिए मीटिंग हो सकती है तो ये तीन काम के लिए अगर समय निकालने लग जाएं तो किसी की भी जिंदगी आसान हो जाती है.

### ऐसा शनि मंदिर जहां दर्शन मात्र से हो रहे हैं भक्तों के सर्व मनोकामना पूर्ण

# हर शनिवार को दर्शन के लिए लगा रहता है भक्तों का तांता

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गरियाबंद जिला मैनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत झरगांव तेतलपारा में स्थित विश्व शांति शनि शक्तिपीठ जहां पर दर्शन मात्र से भक्तों के हो रहे हैं सर्व मनोकामना पूर्ण इस मंदिर के दर्शन के लिए दूर-दूर से भक्तों का आगमन होता है यह ऐसा चमत्कारी मंदिर है जहां भगवान श्री शनि देव के दर्शन मात्र से सभी भक्तों का मनोकामना पूर्ण हो जाता है इस मंदिर में कई दुख कष्ट से पीड़ित भक्त आकार भगवान शनि देव के दर्शन कर सुख की प्राप्ति किए हैं। सभी रोग व्याग से पीड़ित व्यक्ति शनि मंदिर मैं आकर शनि देव की दर्शन से मुक्त हुए हैं।



धर्म ग्रंथों के अनुसार सूर्य की पत्नी संज्ञा की छाया के गर्व से संदीप का जन्म हुआ , जब शनिदेव छाया के गर्भ में थे तब छाया भगवान भोलेनाथ की भक्ति में इतनी ध्यान मग्न थी की उसने अपने खाने-पीने तक शुध नहीं थी जिनका प्रभाव उनके पुत्र पर पड़ा और उसका वर्णन श्याम हो गया सनी के श्याम वर्णों को देख कर सूर्य ने अपनी पत्नी छाया पर आरोप लगाया की शनि मेरा पुत्र नहीं है। तभी से शनि अपने पिता से शत्रु भाव रखते थे शनिदेव ने अपनी साधना तपस्या द्वारा शिवजी को प्रसन्न कर अपने पिता सूर्य की भांति शक्ति प्राप्त की और शिवजी ने शनिदेव को वरदान मांगने को कहा तब शनिदेव ने प्रार्थना की कि युगों युगों में मेरी माता छाया की पराजय होती रही है मेरे पिता सूर्य द्वारा अनेक बार अपमानित किया गया है अतः माता की इच्छा है कि मेरा पुत्र अपने पिता से मेरे अपमान का बदला ले और उनसे भी ज्यादा शक्तिशाली बने तभी भगवान शंकर शनिदेव की प्रार्थना सुनकर वरदान देते हुए कहा की नवग्रहों में तुम्हारा सर्वश्रेष्ठ स्थान होगा मानव तो क्या देवता भी तुम्हारे नाम से भयभीत रहेंगे तभी से शनि देव सभी देवों के देता माने जाते हैं।

**अगर शनि दशा से बचना है तो ना करें यह काम**–शनिदेव को छाया पुत्र भी कहा जाता है क्योंकि शनि देव सूर्य देव और उनकी पत्नी छाया के वंशज हैं शनिदेव अच्छे लोगों के लिए एक महान मार्गदर्शक शुभचिंतक और संरक्षक हैं जबकि वह दुष्टता विश्वासघात और पीठ में छुरा को अपने वालों के लिए एक महान दंडक बन जाते हैं राहु केतु शुक्र और बुध के साथ सनी की बहुत अच्छी मित्रता है जबकि शनि देव सूर्य चंद्र गुरु और मंगल के शत्रु के रूप में कार्य करते हैं शनि देव पुष्पी अनुराधा और उत्तर भाद्रपद के नक्षत्रों पर शासन करते हैं जन्म कुंडली में सनी और अन्य पाप ग्रहों के एक साथ होने पर व्यक्ति को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।





# अमलीपदर रामनवमी पर निकली भव्य झांकी जय श्री राम से गूंज उठा गांव

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

अमलीपदर रामनवमी के अवसर पर पूरा देश राम भक्ति में लीन हैं इसी तारतम्य में धर्म नगरी अमलीपदर नगर में भी सनातनियों ने भव्य शोभायात्रा निकाली।नगर सहित पूरे अंचल से सैकड़ों लोग जमा हुए। अमलीपदर श्री दुर्गा मंदिर में विराजमान आराध्य प्रभु श्री राम की पूजा अर्चना महाआरती के पश्चात विशाल भंडारा का आयोजन किया गया था बसस्टैंड होते हुए नगर के मुख्य मार्ग से शोभायात्रा निकाली.ग्राम के गली मोहल्लों में भ्रमण करते हुए यात्रा आगे बढ़ी डीजे की धुन में नवयुवक थिरक रहे थे।बच्चे,बुजुर्ग,नवयुवक,महिलायें,गाँव के गणमान्य नागरिक सभी रामभक्ति में लीन थे। पूरा नगर भगवामय हो चुका था।सैकडों रामभक्त भक्ति के रस में सराबोर थे,भगवा पताका फहराते हुए हुए जय श्री राम का नारे का उद्घोष किया का गया । समापन ,छोटे छोटे बच्चे प्रभु श्री राम,लक्ष्मण,सीता,हनुमान बने हुए थे।इस भव्य शोभायात्रा में सैंकड़ों रामभक्त शामिल हुए। यही वह सनातनी शेर हैं जिन्होंने धर्म नगरी अमलीपदर में श्री राम नाम एवं भगवा रंग लहरा दिये। जिसमें श्री राम भक्त परिवार के सदस्य सौरभ सिन्हा (मोनू सिन्हा), तुषार मिश्रा, हिमांशु शर्मा, शेरा प्रधान, राहुल श्रीवास,उत्तम चक्रधारी, चेतन मेहर, निरमेश यादव आकाश मिश्रा, गणेश सिन्हा, कृष मरकाम, मुकेश मांझी, मनीराम मांझी, राहुल मांझी,अलेख नागेश, समस्त ग्राम वासी उपस्थित हुए।

# पुलिस थाना सिटी कोतवाली भिण्ड ने पकड़े कई अवैध हथियार

### पुलिस ने अवैध हथियारों में 9 पिस्टले, 8 मैग्जीन व 4 जिन्दा राउण्ड, मय मोटरसायकिल सहित अपराधी को किया गिरफ्तार

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । पुलिस महानिरीक्षक चम्बल जोन सुशान्त कुमार सक्सेना के द्वारा अवैध हथियारों की धरपकड हेतु चलाये गये अभियान में पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे व नगर पुलिस अधीक्षक निशा रेड्डी के मार्ग दर्शन मे थाना सिटी कोतवाली निरीक्षक शिव सिंह यादव व उनकी टीम द्वारा की गई कार्यवाही । दिनांक 31 मार्च 2023 को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई,कि एक व्यक्ति एमजेएस ग्राउण्ड के पास नई निर्माणाधीन तहसील के पीछे अवैध हथियार बेचने के लिये मोटरसायकिल पर खड़ा है। उक्त सूचना पर थाना प्रभारी सिटी कोतवाली शिवसिंह यादव द्वारा उनि0 अतुल सिंह भदौरिया के नेत्रत्व में टीम गठित कर मौके पर रवाना की गई टीम के द्वारा आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा जिसकी तलाशी लेने पर 32 बोर की 9 पिस्टल, 8 मैग्जीन, 4 जिन्दा राउण्ड मिले जिन्हे मौके पर जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया तथा आरोपी के विरूद्ध थाना हाजा पर अपराध क्र. 105/23 धारा 25 (1), 27 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी की पुलिस रिमांड लेकर पूछताछ जारी है। संयुक्त टीम जिसके द्वारा कार्यवाही की गई निरीक्षक शिव सिह यादव, उपनिरीक्षक अतुल भदौरिया, सहायक उपनिरीक्षक रघुवीर सिंह, प्रधान आरक्षक सतेन्द्र भदौरिया, प्रधान आरक्षक जितेन्द्र यादव, प्रधान आरक्षक रमाकांत शर्मा,प्रधान आरक्षक दीपक सिकरवार,आरक्षक अभिषेक यादव,आरक्षक दीपक राजावत, आरक्षक रवि जादौन,आरक्षक मोहित यादव,आरक्षक राहुल राजावत, आरक्षक राहुल सिकरवार,आरक्षक अमन प्रताप सिंह राजावत,आरक्षक सुनील गर्ग की सराहनीय भूमिका रही।




# भाजपा हिटलर शाही नीति से विपक्ष की आवाज को दबाना चहाती है : सुधांशु त्रिपाठी

### राहुल गांधी को भारत जोड़ो यात्रा से मिली लोकप्रियता से भाजपा डरी ओर घबराई हुई है :मान सिंह कुशवाह

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

गोहद । विधानसभा के मो ब्लॉक में कांग्रेस कमेटी द्वारा राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त किए जाने के विरोध में जय भारत सत्याग्रह आंदोलन का आयोजन किया गया जिसमें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सचिव मध्यप्रदेश के सह प्रभारी सुधांशु त्रिपाठी उपस्थित होते हुए बोले लोकतंत्र बचाने के लिए यह सत्याग्रह आंदोलन किया जा रहा है भाजपा हिटलर सहा नीति से विपक्ष की आवाज को कुचलना चहाती है जो लोग इनकी भ्रष्टाचार की कलई खोलने का काम करते है उन्हे ईडी से डराने का काम करते है लेकिन अब कांग्रेस के कार्य करता राहुल गांधी के अगुवाई में रोडो पर उतरने का काम करेगे इसी क्रम में कांग्रेस जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह ने कहा अपने मित्र आडानी को बचाने के लिए मोदी ने देश के लोकतंत्र का गला घोटने का काम किया राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा में माध्यम से मिली लोकप्रियता से भाजपा डरी ओर घबराई हुई है। इसी क्रम में गोहद विधायक मेवाराम जाटव ने अपनी बात रखते हुए कहा भाजपा अपनी कार्यनीति से अपनी लोकप्रियता खो चुकी है और राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता से आने वाले समय में अपनी हार सुनिश्चित दिखाई दे रही हैं जिस से बो बौखला कर इस तरह राहुल गांधी की आवाज को दबाना चाहती हे,राहुल गांधी न डरे हे न डरेंगे ये उनकी भूल है। कार्यक्रम का आभार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप यादव द्वारा किया गया इस मौके पर सेवादल कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संदीप मिश्रा, वरिष्ठ नेता डॉ रणवीर यादव ,राजीव कौशिक, ब्लॉक अध्यक्ष आशीष गुर्जर ,गणेशराम शर्मा ,मालती जाटव ,धर्मवीर दिनकर, राजकुमार देशलेहरा, रेखा बसेड़िया, तिलक सिंह राजोरिया, अवधेश प्रजापति, रवि कुशवाह, इरशाद अहमद, धर्मेंद्र बाबा, संतोष पवैया राजेंद्र परिहार,अवधेश प्रजापति। आदि लोग मौजूद थे।





## महिलाओं को किया साड़ियों का वितरण

**पुष्पाजंली टुडे**

बेंगलुरू। शनिवार को स्नेहजीवी गेळेयरा बळगा मागड़ी रोड द्वारा आयोजित बंडे महाकाली पूजा महोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने देवी मां की विशेष पूजा अर्चना कर जरूरतमंद महिलाओं में साड़ियां वितरित की। आयोजकों ने मुणोत को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में आयोजकों ने मुणोत को भगवान की तस्वीर भेंट की गई। मुणोत ने सभी आयोजकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।



## 149 मरीजों की आंखों का सफल ऑपरेशन

**पुष्पाजंली टुडे**

**मैसूर।** बन्नुर में रोटरी स्कूल के परिसर में पिछले रविवार को कोयाथुर्ना में अरविंदा नेत्र अस्पताल परिसर में, डॉ कान सिंह जी राज पुरोहित, सुश्री गौरीदेवी और उनके बच्चों, बन्नूर के सामाजिक कार्यकर्ताओं और पूर्व राष्ट्रपति के 14 वें वर्ष के स्मरणोत्सव के हिस्से के रूप में बन्नुर रोटरी संस्था के श्री डॉ. के. महेन्द्र सिंह कलप्पा व बन्नूर लायन्स ग्रीन लेड संस्था के पूर्व अध्यक्ष लायन राजेश कुमार के नेतृत्व में विशाल नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया । इस शिविर में 2000 से अधिक लोगों ने भाग लिया और 149 मरीजों की सर्जरी की गई। इन 149 मरीजों को अपने खर्चे पर तमिलनाडु के कोयम्बटूर के अरविंदा अस्पताल ले जाया गया और आंखों की निश्शुल्क सर्जरी की गई। अपने परिवार के साथ, महेंद्र सिंह कलप्पा ने उनकी समाज सेवा के लिए रीढ़ की हड्डी के रूप में खड़े रहे पूरे तालुक के लोगों ने उनके परिवार की समाज सेवा को आशीर्वाद दिया है।

## थाना मौ पुलिस ने पकड़ा एक ओवर लोड रेत से भरा डम्फर

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । पुलिस महानिरीक्षक सुधीर सक्सेना चम्बल रेंज एवं पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के निर्देशन में चलाये जा रहे अवैध रेत अत्खन्न, परिवहन रोकने की कार्यवाही अभियान के तहत दिनांक 1अप्रेल 2023 को थाना मौ पुलिस ने अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग गोहद सौरभ कुमार व थाना प्रभारी उदयभान सिंह यादव के मार्ग दर्शन में सेवढा रोड पर पेट्रोल पम्प के पास से रेत से भरा डम्फर क्रमांक क्क75 रू6999 जो ओवर लोड था जिसे थाना मौ पुलिस द्वारा अपने कब्जे में लिया जाकर खनिज विभाग जिला भिण्ड को कार्यवाही हेतु सूचित किया गया है। पुलिस की कार्यवाही में उक्त सराहनीय कार्य में पुलिस थाना मौ के निरीक्षक उदयभान सिंह यादव,उपनिरीक्षक प्रवेन्द्र सिंह,सहायक उपनिरीक्षक रामविलास शर्मा,आरक्षक विनोद राजौरिया की सराहनीय भूमिका रही है।

# ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से हुई अबदेशी की मृत्यु

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ बेताल सिंह गौड़**

फरियादी भोगीराम जाटव पुत्र श्री बंटई जाटव उम्र 46 साल नि. द्वारिकापुरी मौ ने थाना उपस्थित थाना आकर जुवानी रिपोर्ट किया कि आज दिनांक 01.04.23 को मै व मेरी भाभी अबदेशी जाटव, संजू गोयल, अजय सिहं एवं जयवीर जाटव साथ में गेहू काटने मजदूरी पर ग्राम किटी गये थे गेहूं काटकर वापस घर मौ को आ रहे थे किटी गांव के पास में रोड पर सभी लोग वाहन के इंतजार में खडे थे तभी दिन के करीबन 01 बजे का समय होगा उसी समय ग्राम किटी से मौ तरफ को एक स्वराज ट्रैक्टर चालक अपने ट्रेक्टर को तेजी व लापरवाही से चलाकर लाया और मेरी भाभी अबदेशी में ट्रेक्टर ने टक्कर मार दी जिससे उनके छाती में, गर्दन में चोटें आई खून निकल आया ट्रेक्टर चालक अपने ट्रेक्टर को छोडकर भाग गया ट्रेक्टर स्वराज 735 नीले रंग का जिसका इंजन नं. 1354/006394, चैसिंस नं 48-20927 है मैने लिख कर नोट कर लिया था। भाभी अबदेशी की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी। मौके पर संजू गोयल, अजय सिहं एवं जयवीर जाटव थे जिन्होने घटना देखी है फिर भाभी अबदेशी को लेकर हम लोग अस्पताल मौ ले गये । डाक्टर साहब ने कहा कि इकी तो मृत्यु हो चुकी है। लाश को अस्पताल मौ में रखकर रिपोर्ट को आया हूं रिपोर्ट करता हूं कार्यवाही की जावै ।



# फूप पुलिस द्वारा 6 घन्टे में चोरी गया माल बरामद कर चोर को किया गिरफ्तार

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**फूफ (भिण्ड)।** पुलिस अधीक्षक भिण्ड शेलेन्द्र सिंह चोहान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपुसे द्वारा चोरी पर अंकुश रखने के निर्देश दिये गये। दिनांक 1अप्रेल 2023 को फरियादी रघुनाथ दास पुजारी पोखर हनुमान मंदिर फूप द्वारा पोखर वाले हनुमान मंदिर के पास कमरे में रखे सामान की चोरी करने की रिपोर्ट की थी जिस पर अपराध क्र. 50/23 धारा 457, 380 भादवि का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। अनुविभागीय अधिकारी अटेर श्रीमती पूनम थापा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी फूफ प्रमोद साहू मय टीम के मुखबिर सूचना तंत्र को अलर्ट कर वैज्ञानिक तरीके से विवेचना की गयी तथा कस्बा फूप में लगे सीसीटीव्ही कैमरों को खंगाला गया व वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर एक व्यक्ति संदिग्ध प्रतीत हुआ जिसे संदेही अजय प्रताप पुत्र नारायण सिंह चौहान उम्र 38 साल निवासी वार्ड क्र. 12 फूप को अभिरक्षा में लेकर हिकमत अमली से पूछताछ की गयी तो आरोपी द्वारा घटना करना स्वीकार किया। आरोपी को गिरफ्तार कर मंदिर से चोरी गया मसरूका उसकी दुकान से पेश करने पर फरियादी से पहचान कराकर बरामद किया गया। आरोपी को न्यायालय पेश किया गया। सरायनीय भूमिका उक्त उल्लेखनीय कार्य में थाना प्रभारी फूप निरीक्षक प्रमोद साहू,कार्यालय उपनिरीक्षक ब्रजेश सिंह परमार, कार्यालय प्रधान आरक्षक चरन सिंह,आरक्षक हस्तकुमार,आरक्षक सामन्त तोमर, आरक्षक चालक प्रभाती बाबू की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## कलेक्टर ने लाड़ली बहना योजना में प्रगति कम पाए जाने पर अजनौधा सचिव को निलंबित करने निर्देश दिए

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत जनपद मेहगांव के ग्राम अजनौदा में आयोजित कैम्प का निरीक्षण कर 23 से 60 वर्ष की महिलाओं की समग्र ई-केवाईसी एवं फॉर्म भरने के कार्य का अवलोकन कर प्रगति के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कार्य संतुष्टिपूर्वक प्रगति से कम पाए जाने पर ग्राम पंचायत अजनौधा सचिव धर्मजीत शर्मा को निलंबित करने निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम मेहगांव वरुण अवस्थी,महिला बाल विकास अधिकारी अब्दुल गफ्फार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# विक्रम वुलन कंपनी में मृतक की पत्नी को 7लाख सहायता राशि मिलेगी प्रबंधक एवं परिजनों के बीच समझौता

**पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर**
**पहलवान सिंह राजावत**

उद्योग क्षेत्र मालनपुर की उद्योग इकाई विक्रम बुलन में एक कर्मचारी की 31 मार्च 2023 शुक्रवार को कैंटीन से खाना खाकर पानी पी कर वापस जाते समय पैर फिसल जाने से हुई मौत गोहद से पी एम कराने के बाद परिजन एवं सहयोगी ने विक्रम बुलन कंपनी के गेट पर गत रात्रि 7~30 पर मृतक के परिवार को राहत राशि मुआवजा प्रदान कराने हेतु शब को रख दिया प्रबंधकों तो पूर्व में ही अभास हो गया था इस लिए स्थानीय पुलिस थाना मालनपुर को सुरक्षा हेतु बुला लिया था मृतक के भाई अल्पेश सिंह यादव ने बताया मेरे भाई जो इस दुनिया में नहीं रहे है दिनेश सिंह जो एक किराए के मकान में रहकर इस कंपनी में 20 से 25 साल से काम कर कर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था उसके तीन बच्चे हैं पत्नी भावना यादव बड़ी लड़की तननो यादव उम्र 14 वर्ष छोटी पुत्री रागिनी यादव 10 वर्ष एवं 9 माह का 1 पुत्र था उसके परिवार के भरण-पोषण के लिए कंपनी की तरफ से सहायता राशि दिलाई जाए भाई इस कंपनी में 25 साल के लगभग कंपनी का कमचारी था इस विक्रम बुलन कंपनी के गेट पर शब को रखें रात्रि के 12 बजे चुके थे प्रबंधक और परिजनों के साथ आए यूनियन पदाधिकारियों ने 30लाख की सहायता राशि की मांग थी प्रबंधक ने 5 लाख की राशि कंपनी की तरफ से देने धारी स्वीकार किया जिस पर परिजन राजी नहीं हुए कर्मचारी एकता के नारे लगते रहे थे उसके देर रात्रि गोहद एस डी एम शुभम शर्मा एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सौरभ कुमार कंपनी में पहुंचे के बाद सबकी रजामंदी से 7 लाख रुपए जो 7 दिन के अंदर खाते में या चेक द्वारा देने का लिखित पत्र देकर वादा किया कि एवं अन्य सुविधाएं जो नियमों से बनेगी वह भी देने का आश्वासन दिया जब मृतक के परिजनों का आक्रोश शांत हुआ देर रात्रि शवको परिजन कंपनी के गेट से अपने गांव ले गए।



# रेखा के साथ खूबसूरत में काम करने से राकेश रोशन ने कर दिया था इंकार



1980 में रिलीज हुई फिल्म खूबसूरत आप सभी को याद होगी. रेखा और राकेश रोशन की इस फिल्म ने अपनी शानदार कॉमेडी के साथ बॉक्स ऑफिस पर बेहतरीन प्रदर्शन किया था. फिल्म में अशोक कुमार, दीना पाठक जैसे कलाकार भी नजर आए थे. 1981 में इस फिल्म के लिए निर्देशक ऋषिकेश मुखर्जी को जहां बेस्ट फिल्म का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला, तो रेखा ने बेस्ट एक्ट्रेस का खिताब अपने नाम किया था. खैर आपको ये जानकर हैरानी होगी कि इस फिल्म में रेखा के साथ काम करने से राकेश रोशन ने इंकार कर दिया था. रेखा के साथ खूबसूरत फिल्म में काम ना करने की वजह का भी राकेश रोशन ने खुलासा किया था. 'इंडियन आइडल' के मंच जब हिमेश रेशमिया ने उनसे सवाल किया कि 'खूबसूरत' फिल्म में काम करने से मना करने की वजह क्या थी, इस पर राकेश रोशन ने जवाब दिया, 'ऋषि दा ने घर पर बुलाया मुझे. वो बेड पर 3-4 कुत्तों के साथ बैठे हुए थे. उस समय वो अपने कुत्तों को चाय पिला रहे थे. मुझे देखकर बोले गुड्डू (राकेश के घर का नाम) मैं एक पिक्चर शुरू कर रहा हूं और तुम उसमें हीरो हो. मैंने पूछा हीरोइन कौन है, वो बोले, रेखा..तो मेरा मुंह उतर गया. राकेश रोशन ने आगे बताया, 'उन्होंने पूछा कि क्या हुआ. तो मैंने बोला कि ऋषि दा शायद मैं पिक्चर नहीं कर पाऊंगा. रेखा जी शायद मना कर दें काम करने के लिए क्योंकि मैं बड़ा एक्टर नहीं हूं. ऐसा मेरे साथ पहले हो चुका है कि बड़ी-बड़ी हीरोइन ने मेरे साथ काम करने से मना कर दिया. तो उनके मना करने से पहले मैं ही मना कर देता हूं. इस पर ऋषि दा ने कहा कि गुड्डू, वो हो या न हो तुम फिल्म में जरूर हो. ये सुनकर मुझे अच्छा लगा. ज्यादा अच्छा तब लगा जब शाम को ऋषि दा का फोन आया और उन्होंने कहा कि. गुड्डू तुम ऐसे ही कह रहे थे, जब मैंने रेखा को बोला कि हीरो गुड्डू राकेश रोशन हैं तो वो तुम्हारा नाम सुनकर खुश हो गई. इस तरह रेखा जी ने मुझे सपोर्ट किया और बाद में हम फैमिली की तरह हो गए.' खूबसूरत फिल्म की अपार सफलता के साथ रेखा और राकेश रोशन की जोड़ी को भी दर्शकों ने खूब पसंद किया. इसके बाद दोनों की फिल्म 'खून भरी मांग' भी बंपर हिट साबित हुई. फिल्म में रेखा के किरदार को काफी पसंद किया गया. राकेश रोशन के साथ तो फिल्मी पर्दे पर रेखा की जोड़ी बनी ही, उनके बेटे ऋतिक रोशन के साथ भी एक्ट्रेस ने 'कृष' फिल्म में काम किया. इस फिल्म में रेखा ने ऋतिक की मां का रोल प्ले किया था.

# उर्फी जावेद के बदले मिजाज लोगों से मांगी माफी



हमेशा बिंदास दिखने वालीं उर्फी जावेद का एक पोस्ट सामने आया है, जिसे देखकर लोग काफी हैरानी जता रहे हैं. अपने कपड़ों को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहने वालीं उर्फी जावेद आए दिन सोशल मीडिया पर ट्रोल होती रहती हैं. उनके ड्रेसेज को देखकर कई बार लोग खीज भी खाते दिखते हैं तो कुछ लोग उन्हें खूब खरी-खोटी सुनाते हैं, कुछ लोग उनका मजाक भी बनाते नजर आते हैं. ऐसे में उर्फी के इस एक पोस्ट से खलबली मच गई है. बिंदास गर्ल उर्फी जावेद अपने पोस्ट में लोगों कहती नजर आई कि अगर उनके कपड़ों की वजह से लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं तो इसके लिए वह माफी मांगती हैं. इतना ही नहीं उन्होंने ये भी लिखा कि अब लोगों को बदली हुई उर्फी नजर आएंगी. उन्होंने लिखा- मेरे कपड़ों से आपकी भावनाएं आहत हुई हो तो मैं माफी मांगती हूं. आज से आप उर्फी में बदलाव देखेंगे. कपड़े बदलेंगे, माफी दीजिए. उर्फी के इस ट्वीट से लोग हैरान हैं और पूछ रहे हैं - ये क्या हो गया है उर्फी को इस पोस्ट को देखकर तमाम कमेंट्स सामने आने लगे. किसी ने उनसे ऐसा करने का कारण पूछा, तो कोई उनका मजाक उड़ाता दिखा, किसी ने उर्फी की टांग खिचाई की. तो कोई उन्हें कहता दिखा- तुम जैसी हो वैसी रहो. एक यूजर ने मस्ती भरे अंदाज में कहा- शुक्र है थोड़ी अक्ल तो आई. एक यूजर ने लिखा- सबसे पहले तो अपनी डीपी चेंज करो तुम. एक यूजर ने टांग खिंचाई करते हुए कहा- पहले से ज्यादा या पहले से कम तो एक ने मजे लेते हुए पूछा- कहीं बॉयफ्रेंड ने तो रोक-टोक शुरू नहीं कर दी। अप्रैल का महीना लग चुका है, ऐसे में कुछ कमेंट्स ऐसे भी आए जिन्हें उर्फी के इस पोस्ट पर विश्वास नहीं हुआ. ऐसे में उनके इस पोस्ट को अप्रैल फूल प्रैंक का नाम दिया जाने लगा. हालांकि जिस समय उर्फी का ये पोस्ट सामने आया तब अप्रैल महीना लगने में कुछ घंटे बाकी थे.

# एनएसएसीसी की ओपनिंग में बाजीराव मस्तानी के रीयूनियन ने खींचा ध्यान

शुक्रवार को नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर यानी एनएमएसीसी की भव्य ओपनिंग हुई. तमाम बड़ी हस्तियों ने इस कार्यक्रम में शिरकत की. हॉलीवुड से लेकर बॉलीवुड के सितारों ने यहां पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा को और बढ़ा दिया. प्रियंका चोपड़ा भी विदेश से खास इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपनी फैमिली के साथ पहुंचीं. इस कार्यक्रम में बाजीराव मस्तानी का रीयूनियन देखने मिला, जिसने हर किसी का खूब ध्यान खींचा. जी हां, प्रियंका चोपड़ा के अलावा वैसे तो बॉलीवुड के तमाम बड़े सितारों ने इस कार्यक्रम में शिरकत की लेकिन दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह के साथ प्रियंका ने काफी चिटचैट किया. प्रियंका मुंबई अपने पति निक जोनस और बेटी मालती मैरी चोपड़ा के साथ पहुंचीं. मालती पहली बार भारत आईं. इस कार्यक्रम में रणवीर सिंह, निक जोनस के साथ पूरी गर्मजोशी के साथ मिलते दिखाई दिए. वहीं प्रियंका और दीपिका एक दूसरे से बातचीत करते दिखे. वास्तव में ये उन सभी फैंस के लिए एक प्यारी पिक्चर थी जो बाजीराव मस्तानी की इस तिकड़ी को पसंद करते हैं. हम उम्मीद करते हैं कि इस तिकड़ी को आगे भी हम किसी फिल्म में जरूर देखें. बता दें, इस कार्यक्रम में हॉलीवुड एक्टर टॉम हॉलैंड, अभिनेत्री ज़ेन्डाया, सचिन तेंदुलकर और उनका परिवार, सलमान खान, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण, कियारा अडवाणी, सिद्धार्थ मल्होत्रा, अनुष्का दांडेकर, उद्धव ठाकरे परिवार, युवराज सिंह और उनकी पत्नी हेजल कीच, राहुल वैद्य, दिशा परमार, अभिनेत्री सोनम कपूर, नीतू कपूर समेत तमाम बड़ी हस्तियां शामिल हुईं.





# ग्राम पंचायत ग्रामीण विकास अवधारणा की मुख्य धूरी: जिला कलेक्टर

## जिला स्तरीय राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार समारोह, नौ श्रेणी में 27 ग्राम पंचायतें पुरस्कृत

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता**
**पाली राजस्थान**

पाली। जिला कलक्टर नमित मेहता ने कहा कि ग्राम पंचायतें ग्रामीण विकास अवधारणा की मुख्य धूरी हैं। उन्हीं की माध्यम से ग्रामीण विकास योजनाओं की बेहतर क्रियान्विति करते हुए अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति के उत्थान के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। जिला कलक्टर मेहता शुक्रवार को जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास के लिए स्वीकृत होने वाले बजट का अधिकांश भाग ग्राम पंचायतों के माध्यम से ही खर्च हो रहा है। ऐसे में सरपंच तथा पंचायत कोरमों की जिम्मेदारी भी बढ जाती है। हमारा दायित्व है कि सरकार जिस उद्देश्य से पैसा दे रही है, वह उद्देश्य पूरा हो। उन्होंने कहा कि पंचायत से लेकर जिला स्तर तक सभी टीम के रूप में कार्य करें, ताकि आमजन को योजनाओं का लाभ मिल सके।
उन्होंने खेलो पाली अभियान में जिले की सभी ग्राम पंचायतों की ओर से मिल रहे सहयोग की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पुरस्कार प्रोत्साहन देते हैं, लेकिन इससे भी अधिक आत्मसंतुष्टि तब मिलती है, जब आपके माध्यम से किसी आहत को राहत मिले। इसलिए सभी अधिकारी-कर्मचारीगण और जनप्रतिनिधि आमजन को राहत पहुंचाने की मंशा के साथ कार्य करें।
उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के तहत 300 तरह के कार्य अनुमत है, लेकिन ग्राम पंचायतों की ओर से आने वाले प्रस्तावों में विविधता नहीं होती। अधिकांश कार्य सीसी सडक, नाडी निर्माण तक ही सीमित रहते हैं। उन्होंने आगामी वित्तीय वर्ष में मनरेगा के तहत गांवों के समग्र विकास को लेकर प्रस्ताव तैयार कर प्रेषित करने का आग्रह किया। उन्होंने ग्राम विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजकीय नियमों की पालना उनका दायित्व है। इसमें किसी प्रकार की कौताही नहीं बरती जाए। उन्होंने अवगत कराया कि जल्द ही 129 नए ग्राम विकास अधिकारियों की नियुक्ति होनी है।
जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती दीप्ति शर्मा ने विकास की समग्र परिभाषा बताते हुए कहा कि




ग्राम पंचायतें सिर्फ सीसी सडक, नाडी निर्माण, ब्लॉक लगाने जैसे कामों तक ही सीमित नहीं रह कर समेकित विकास पर ध्यान दें। पंचायत में स्वच्छता, स्वास्थ्य, आजीविका, सामाजिक सुरक्षा, बाल एवं महिला हितैषी आदि मानकों पर भी कार्य करने की आवश्यकता है, तभी समग्र विकास का स्वप्न साकार होगा। प्रारंभ में जिला आयोजना अधिकारी श्री रामदयाल राठौड ने राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार की जानकारी दी। इस अवसर पर जिला परिषद के अधिशासी अभियंता राजेंद्र धोलिया सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंचगण, ग्राम विकास अधिकारीगण आदि भी उपस्थित रहे। संचालन सहायक विकास अधिकारी श्री अरूण वैष्णव ने किया।
**निर्भरता कम कर स्वयं करें नेतृत्व–** जिला कलक्टर ने महिला सरपंचों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने महिला सशक्तिकरण के लिए 50 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि महिला सरपंच अन्य पर निर्भरता कम कर स्वयं नेतृत्व करें। वर्तमान में जिला परिषद सीईओ तथा जिला प्रमुख भी महिलाएं हैं। उनसे प्रेरित होकर काम करें।
**इन ग्राम पंचायतों को मिला सम्मान–** कार्यक्रम में नौ श्रेणियों में ग्राम पंचायतों को प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। इसमें गरीबी मुक्त और बेहतर आजीविका श्रेणी में प्रथम नाडोल, द्वितीय आगेवा व तृतीय खिमाडा, स्वस्थ गांव श्रेणी में प्रथम ढोला, द्वितीय नाडोल व तृतीय मांडीगढ, बाल हितैषी गांव श्रेणी में प्रथम देसूरी, द्वितीय बिठोडा कला व तृतीय लापोद, पर्याप्त पानी वाली पंचायत श्रेणी में प्रथम चिताड, द्वितीय चण्डावल तथा तृतीय ढारीया रही। इसी प्रकार स्वच्छ और हरित गांव श्रेणी में प्रथम बासना, द्वितीय चण्डावल व तृतीय हरीयामाली, आत्मनिर्भर बुनियादी संरचना श्रेणी में प्रथम चण्डावल, द्वितीय नाडोल व तृतीय केलवाद, सामाजिक रूप से संरक्षित गांव श्रेणी में प्रथम कराडी, द्वितीय लापोद व तृतीय रेन्दडी, सुशासन वाले गांव श्रेणी में प्रथम चण्डावल, द्वितीय हरीयामाली व तृतीय बासना तथा महिला हितैषी पंचायत श्रेणी में प्रथम आसरलाई, द्वितीय धणा व तृतीय लापोद ग्राम पंचायत रही।



## वार्षिक परीक्षा परिणाम एवं पुरस्कार वितरण समारोह





शुक्रवार को सरस्वती शिशु मंदिर अम्बाह,जिला -मुरैना में वार्षिक परीक्षा परिणाम एवं पुरस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय श्री सुरेश जी गुप्ता कैमिस्ट (प्रबंध समिति अध्यक्ष) द्वारा की गई । कार्यक्रम शुभारंभ मुख्यअतिथि माननीय श्री बादाम सिंह जी तोमर (पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी अम्बाह) द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया । विद्यालय के प्राचार्य श्री राम मोहन जी श्रीवास्तव द्वारा मुख्य अतिथियों का परिचय कराया गया । कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि माननीय श्री रामतीर्थ जी गुप्ता ( साधारण सभा आजीवन सदस्य) माननीय श्री मुरारी लाल जी गुप्ता (साधारण सभा संरक्षक सदस्य ) मुख्य वक्ता माननीय श्री उम्मेद सिंह जी तोमर (व्यवस्थापक ) समिति सदस्य डॉ श्रीमती मंजू तोमर (प्राध्यापक पीजी कॉलेज अम्बाह ) माननीय श्री रामनिवास जी उपाध्याय (साधारण सभा सदस्य) माननीय श्री अजय कुमार जी अग्रवाल ( अभिभावक प्रतिनिधि ) उपस्थित रहे। तथा कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की वरिष्ठ दीदी श्रीमती शोभा चतुर्वेदी द्वारा किया गया । कार्यक्रम में मुख्यवक्ता महोदय ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चे स्कूल से ज्यादा घर पर रहते हैं इसलिए माता- पिता को उनके आचार- विचार का विशेष ध्यान रखना चाहिए क्योंकि बच्चे अक्सर माता - पिता का अनुसरण करते हैं । विद्यालय की दीदी श्रीमती मधु शर्मा ने उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया ।

## पांच आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिकाओं की सेवा समाप्त

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अब्दुल गफ्फार ने पांच आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका द्वारा राज्य शासन द्वारा संचालित योजनाऐं यथा लाड़ली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री मात्र बंदना योजना एवं लाड़ली बहना अभियान जैसे महत्वपूर्ण योजनाओं में लापरवाही, उदासीनता कारित किये जाने पर प्रथम दृष्टया दोषी पाये जाने एवं सौपें गये पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही बरतने तथा निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति ना करने एवं वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों का पालन ना करने के कारण बाल विकास परियोजना रौन आनंगबाड़ी केन्द्र बसंतपुरा की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती पिंकी दौहरे, आंगनबाड़ी सहायिका श्रीमती रूबी सिंह, आंगनबाडी केन्द्र पचोखरा की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती मुरली देवी, बाल विकास परियोजना मेहगांव सेक्टर सायना आंगनबाड़ी केन्द्र तुलसीपुरा की आंगनबाड़ी सहायिका श्रीमती निशा चौहान एवं सेक्टर रठियापुरा आंगनबाड़ी केन्द्र सीताराम की लावन - 04 की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती रेखा गुर्जर की सेवाऐं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी हैं।

# नौकरी में स्थानांतरण आम प्रक्रिया है: कलेक्टर अंकित अस्थाना

## एसडीएम अंबाह, सबलगढ़ तहसीलदार को जिला प्रशासन ने दी विदाई

**पुष्पॉजली ब्यूरौ मुरैना...**

मुरैना। भोपाल द्वारा एसडीएम अंबाह श्री राजीव समाधिया का स्थानांतरण शिवपुरी और तहसीलदार सबलगढ़ श्री नरेश शर्मा का स्थानांतरण भिण्ड किया । इस तारतम्य में जिला प्रशासन ने 31 मार्च को दोनों अधिकारियों को विदाई दी। विदाई के समय कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने कहा कि सर्विस में स्थानांतरण एक आम प्रक्रिया है, जो समय-समय पर होते रहती है। किन्तु सर्विस के दौरान काम करते समय एक छाप छोड़ना बहुत बड़ी बात है। कलेक्टर ने कहा कि एसडीएम श्री राजीव समाधिया ने अम्बाह में नाम और कीर्ति हासिल की है। वह उनकी कड़ी मेहनत का फल है। श्री समाधिया का कार्यकाल मेरे साथ 5 माह का रहा आ है। मैंने जब-जब कोई जिम्मेदारी दी है, उसमें श्री समाधिया खरे उतरे है। मैं इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कामना हूं। जहां भी रहे उत्तरोत्तर तरक्की करें। कलेक्टर ने कहा कि तहसीलदार सबलगढ़ श्री नरेश शर्मा ने भी पूर्ण जिम्मेदारी के साथ कार्य संपादित किये है। मुझे उम्मीद है कि शासकीय कार्य में जो सहयोग मुझे दिया है कि उसी प्रकार का सहयोग अगले जिले में कलेक्टरों को देंगे।
विदाई ले रहे एसडीएम अम्बाह श्री राजीव समाधिया ने कहा मेरे द्वारा नगरीय निकाय, पंचायत जैसे चुनाव वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न करायें। जिसमें सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पुलिस अधिकारियों का बहुत अच्छा सहयोग मिला। कई मार्गदर्शन भी मुझे वरिष्ठ अधिकारियों ने दिये, जो मुझे सीखने को मिला, वह मेरे आगे सर्विस में काम आयेगा। जिसे मैं संजोये रखूंगा। कलेक्टर के साथ बहुत कम समय काम करने का सौभाग्य मिला। मैं आशा करता हूं कि पुनः अगले जिलों में कलेक्टर के साथ काम करने का सौभाग्य मिले, ऐसी मेरी आशा और विश्वास है। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री रायसिंह नरवरिया ने कहा कि एसडीएम अंबाह श्री राजीव समाधिया एक कुशल अधिकारी के रूप में थे। अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा के साथ करते हैं। मेरे साथ चुनाव में बहुत अच्छा कार्य किया है। किसी भी प्रकार का लोन ओडर क्यों न हो, उसका समाधान श्री समाधिया निकाल लेते थे। मैं इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। अपर कलेक्टर श्री नरोतम भार्गव ने कहा कि श्री समाधिया में वो अच्छाइयां थी, जो एक कुशल अधिकारी में होती है। श्री समाधिया को जो जिम्मेदारी दी जाती थी, वह उसे पूर्ण करते थे। श्री समाधिया जहां भी रहे वे भी इसी क्षमता, निष्ठावान वनकर जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। दिनों दिन ऊंचाइयो को छूये। कार्यक्रम का संचालन नगर निगम कमिश्नर श्री संजीव कुमार जैन ने किया। इस मौके पर जिला खनिज अधिकारी श्री सुखदेव कुमार निर्मल, एसडीएम मुरैना श्री एलके पाण्डेय, सबलगढ़ सुश्री मेघा तिवारी, जिला आबकारी अधिकारी, तहसीलदार सुश्री कल्पना शर्मा सहित अन्य विभागों के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।





# कांग्रेसियों ने सुभाष यादव की पुण्यतिथि मनाई

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**भिण्ड ।** गांधी चौपाल जिला प्रभारी अरविंद सोनी के नेतृत्व में भूता कोठी पर उपमुख्यमंत्री सुभाष यादव की पुण्यतिथि मनाई गई । जिसकी अध्यक्षता सेवादल जिलाध्यक्ष संदीप मिश्रा ने कहा सुभाष यादव ओबीसी के लिए एक मसीहा के के रूप में जाने जाते थे उन्होंने सहकारिता विभाग गठन किया था । इस अवसर पर शहर अध्यक्ष प्रदीप जैन गुड्डा ने भी अपने विचार रखते हुए कहा आज सुभाष यादव ओबीसी के लिए उन्होंने हर वर्ग के लिए काम किया गांधी चौपाल के जिला प्रभारी अरविंद सोनी ने कहा कि सुभाष यादव हम सब के मार्गदर्शक थे हम सबको उनके मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। इस अवसर पर राजेश कुमार शाक्य खेल प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष दीपू दुबे, दर्शन सिंह तोमर, संदीप बरुआ, अमित शिवहरे, वीर प्रकाश श्रीवास्तव, विनोद कुमार जाटव, नीरज त्रिपाठी आदि लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की।

# थाना थाटीपुर पुलिस ने वाहन चैकिंग के दौरान दो वाहन चोरों को किया गिरफ्तार, उनके पास से आधा दर्जन दो पहिया वाहन किये बरामद

**ग्वालियर।** पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री राजेश सिंह चंदेल,भापुसे द्वारा दिये गये निर्देशों के पालन में जिले के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा लूट व चोरी के घटनाओं को अंजाम देने वाले बदमाशों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इस कार्यवाही के दौरान अति0 पुलिस अधीक्षक शहर-पूर्व/अपराध श्री राजेश दण्डोतिया द्वारा अपने अधिनस्थ थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में प्रभावी रेंडम चैकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में नगर पुलिस अधीक्षक मुरार श्री विनायक शुक्ला के मार्गदर्शन में दिनांक 01.04.2023 थाना प्रभारी ठाटीपुर निरी0 विनय शर्मा द्वारा मय थाना बल के मरघट रोड़, नदी पार टाल पर वाहन चैकिंग की जा रही थी। चैकिंग के दौरान पुलिस टीम को मोटर सायकिल पर सवार दो संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिये, जिन्होने पुलिस चैकिंग को देखकर गाड़ी के साथ भागने का प्रयास किया। परन्तु पुलिस टीम द्वारा उक्त दोनों संदिग्धों को घेराबंदी कर धरदबोच लिया गया। पकड़े गये संदिग्धों से पूछताछ करने पर उन्होने स्वयं को लक्ष्मणपुरा (पड़ाव) एवं गांधी नगर (पड़ाव) का निवासी होना बताया। पुलिस टीम द्वारा पकड़ गये दोनों संदिग्धों से मोटर सायकिल के संबंध में पूछताछ करने पर उनके द्वारा उक्त मोटर सायकिल को एक दिन पहले ही मयूर मार्केट से चोरी करना बताया गया। मोटर सायकिल के संबंध में और अधिक पूछताछ करने पर पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये चोरों की निशादेही पर उनके घरों से पांच दो पहिया वाहन जिसमें प्लेटिना, एचएफ डीलक्स मोटर सायकिल, एक्टिवा, पेशन प्रो, इलेक्ट्रिक एक्टिवा को जप्त किया गया। उनके द्वारा उक्त वाहन थाना पड़ाव व थाटीपुर क्षेत्र से चोरी करना बताया गया। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये दोनों बदमाशों को थाना ठाटीपुर के अपराध क्रमांक 162/23 एवं 164/23 धारा 379 भादवि में गिरफ्तार किया जाकर उनसे जिलें में हुई अन्य वाहन चोरी की बारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।
**जप्त मशरूका:–** डिस्कवर मो0सा0, प्लेटिना, एचएफ डीलक्स मोटर सायकिल, एक्टिवा, पेशन प्रो, इलेक्ट्रिक एक्टिवा।
सराहनीय भूमिका:-उक्त वाहन चोरों को गिरफ्तार कर चोरी के दो पहिया वाहन बरामद करने में थाना प्रभारी थाटीपुर निरी0 विनय शर्मा, उनि0 अशोक सिंह कुशवाह, प्रआर0 बेताल सिंह, शिवशांत पाण्डे, आर0 जयहिंद जादौन, आर0 चालक दुर्गेश शर्मा की सराहनीय भूमिका रही।



# भाटसन प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 8 के विद्यार्थियों के लिए विदाई एवं शुभकामना समारोह का आयोजन किया गया



**अल्पेश श्रीमाली, पुष्पांजली टुडे पाटन/गुजरात**

सरस्वती तालुका के भाटसन प्राथमिक विद्यालय में आज आठवीं कक्षा के छात्रों को स्टाफ परिवार द्वारा विदाई - शुभकामना समारोह का आयोजन किया गया, छात्रों द्वारा स्कूल को दीप प्रज्ञा स्टील सेट फोटो के साथ उपहार में दिया गया। कक्षा 8 की कक्षा अध्यापिका श्री प्रीतिबेन पटेल और नीलमबेन रावल ने सुंदर आयोजन किया। प्राचार्य शैलेशभाई सुथार व कक्षा छह से आठ तक के सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों का अभिनंदन किया, कक्षा 1 से 5 तक के सभी शिक्षकों का बहुत सहयोग रहा। कक्षा 8 के सभी छात्रों को कुमकुम का तिलक लगाया गया और सभी शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों नाश्ता दिया गया। इस मौके पर स्कूल स्तर पर एनएमएमएस, पीएसई, जनरल नॉलेज टेस्ट और विभिन्न कमेटियों में टॉप करने वाले और विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र और प्रोत्साहन पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने कक्षा 8 के विद्यार्थियों का भी अभिनंदन किया जिसमें छोटे बच्चोंने भी कक्षा 8 के विद्यार्थियों का अपनी भाषा में अभिनंदन किया वहीं कक्षा 8 के विद्यार्थियों ने भी अपने अनुभव को सबके समक्ष रखा और सभी शिक्षकों से आशीर्वाद प्राप्त किए। समस्त कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक श्री नीलेश श्रीमाली ने किया। आचार्यश्री शैलेशभाई सुथार ने आठवीं कक्षा के शिक्षकों सहित पूरे स्टाफ परिवार को सुंदर योजना के लिए और टीम वर्क के लिए बधाई दी।

## बेलेश्वर महादेव मंदिर हादसे में घायल हुए लोगों से की मुलाकात

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भोपाल ।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कमलनाथ और विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह ने इंदौर के एपल अस्पताल पहुंचकर बेलेश्वर महादेव मंदिर हादसे में घायल हुए लोगों से मुलाकात की एवं सभी का कुशलक्षेम जाना साथ ही नेताद्वय ने घायलो के जल्द पूर्ण स्वस्थ होने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।



स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478